लखनऊ । वाराणसी । नई दिल्ली

18 अक्टूबर 2026 रविवार
वर्ष : 19 अंक: 107
पृष्ठ : 8
वाराणसी
काशी संस्करण
मूल्य: 2.00 रूपए

लोक हस्तक्षेप

Power Of Truth

हिन्दी दैनिक

www.facebook.com/lokhastakshep www.twitter.com/lokhastakshep /Lokhastakshep /Lokhastakshep

www.lokhastakshep.com

सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके को बड़ी राहत

कोर्ट से मिली सशर्त जमानत, शांति भंग के आरोप में हुए थे गिरफ्तार

एजेंसी,नयी दिल्ली । कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके को दिल्ली में बड़ी राहत मिली है। विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट की अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी है। दिल्ली पुलिस ने उन्हें शांति भंग करने की आशंका के आरोप में गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी कनॉट प्लेस में प्रस्तावित 'लहरा दो तिरंगा' मार्च से पहले हुई कार्रवाई के बाद की गई। पुलिस के अनुसार, दीपके को पहले दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 65 के तहत हिरासत में लिया गया था। इसके बाद भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 126 और 170 के तहत शांति भंग करने की आशंका से जुड़ा मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। शनिवार को उन्हें विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें सशर्त जमानत मिल गई। अभिजीत दीपके

को कनॉट प्लेस में प्रस्तावित मार्च से पहले एहतियातन हिरासत में लिया गया था। पुलिस की कार्रवाई का आधार शांति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका बताया गया। हिरासत से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उनके खिलाफ नया मामला दर्ज किया गया। इस मामले में गिरफ्तारी और अदालत में पेशी के बाद जमानत मिलने से दीपके को राहत मिली है। हालांकि, सशर्त जमानत के तहत उन्हें अदालत द्वारा तय शर्तों का पालन करना होगा। अभिजीत दीपके को इससे पहले 10 अक्टूबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर भी हिरासत में लिया गया था। उस समय भी शांति भंग करने की आशंका से जुड़ा अलग मामला दर्ज किए जाने की जानकारी सामने आई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, उस कार्रवाई के दौरान उनसे एक साल तक शांति बनाए रखने के मुचलके पर हस्ताक्षर कराए गए थे। लगातार हुई पुलिस कार्रवाई के बाद सीजेपी से जुड़े नेताओं और समर्थकों की गतिविधियों पर नजर बनी हुई है।

संगठन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। दीपके के अलावा दिल्ली पुलिस ने नेहा बोरा को भी हिरासत में लिया था। बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद बोरा ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए और इसे गैरकानूनी बताया। बोरा के मुताबिक, उन्हें मंडी हाउस से हिरासत में लेकर सुबह करीब पांच बजे तक थाने में रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस कानून–व्यवस्था के नियमों के पालन का दावा करती है, लेकिन प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई में इन नियमों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सीजेपी से जुड़े नेताओं की हिरासत और गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक बहस जारी है।

हाईवे–एक्सप्रेसवे पर बढ़ेगी सुरक्षा, शीतलहर– कोहरे में हादसे रोकने के लिए योगी सरकार की तैयारी

- अनफिट वाहनों पर होगी कार्रवाई
- सड़क सुरक्षा के लिए रिफ्लेक्टिव संकेतक और सफेद पट्टियां सही करने के निर्देश



लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में शीतलहर और घने कोहरे के दौरान हादसों पर अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार ने सड़क सुरक्षा के इंतजाम मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। राष्ट्रीय राजमार्गों राज्य राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना संभावित स्थलों के आस–पास पर्याप्त संख्या में पेट्रोलिंग वाहन, एंबुलेंस और रेस्क्यू वाहन उपलब्ध रखने पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि हादसा होने की स्थिति में घायलों को तत्काल सहायता और समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके। राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त ने राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना संभावित स्थलों के आस–पास पर्याप्त संख्या में पेट्रोलिंग वाहन, एंबुलेंस और रेस्क्यू वाहन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं। सड़क सुरक्षा के लिए हाईवे और एक्सप्रेसवे पर लगे रिफ्लेक्टिव चिह्नों, कैट्स आई, दिशासूचक बोर्ड और संकेतकों की नियमित जांच करने के लिए कहा गया है। राहत आयुक्त ने सड़क की बॉर्डर लाइन और मध्य रेखा पर बनी सफेद पट्टियों को स्पष्ट रखने के निर्देश दिए हैं।

प्रमुख चौराहों, तिराहों, क्रॉसिंग, मोड़ों और दुर्घटना संभावित स्थलों पर स्टॉप लाइन, जेब्रा क्रॉसिंग व यातायात संकेतकों को दुरुस्त रखा जाएगा। वाहन चालकों को फॉग लाइट और रिफ्लेक्टिव टेप का इस्तेमाल करने, आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखने और गति नियंत्रित रखने के लिए जागरूक किया जाएगा। आगामी दिनों में घने कोहरे के दौरान दृश्यता के अनुरूप वाहनों की गति नियंत्रित रखने और आवश्यक यातायात प्रबंधन उपाय अपनाने पर जोर दिया है।आमजन और वाहन चालकों से अपील की है कि घने कोहरे में फॉग लाइट का प्रयोग करें, सुरक्षित गति बनाए रखें और आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी रखें।

ओवैसी से सीखे विपक्ष', किरेन रिजिजू ने एआईएमआईएम प्रमुख की तारीफ की, एलन मस्क विवाद पर सियासत तेज

एजेंसी,नयी दिल्ली। एलन मस्क और भारत में उनकी सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक को मंजूरी मिलने में देरी का विवाद अब राजनीतिक बहस का विषय बन गया है। इस मुद्दे पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के बयान के बाद भाजपा ने भी प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ओवैसी की तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों पर विपक्ष को उनसे सीखना चाहिए। रिजिजू के मुताबिक, राजनीतिक मतभेदों के बावजूद देश के हित को प्राथमिकता देना जरूरी है। असदुद्दीन ओवैसी ने एलन मस्क की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके कई राजनीतिक मतभेद हैं लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि किसी विदेशी कारोबारी को भारत के प्रधानमंत्री या देश के फैसलों पर सवाल उठाने का

अधिकार मिल जाता है। ओवैसी ने कहा कि भारत के संसाधनों का इस्तेमाल कैसे होगा, इसका फैसला देश खुद करेगा। उन्होंने देश में सस्ते इंटरनेट डेटा का भी उल्लेख किया। उनका तर्क था कि सरकार का विरोध करना और किसी विदेशी कारोबारी को भारत की नीतियां तय करने देना दो अलग बातें हैं।

रिजिजू ने ओवैसी के रुख की सराहना करते हुए कहा कि वह कई बार राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों पर समझदारी की बात करते हैं। हालांकि, उन्होंने ओवैसी की मुस्लिम–केंद्रित राजनीतिक नीतियों से असहमति भी जताई।

अदालत ने 2018 के मानहानि मामले में यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया

एजेंसी,नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ के एक सदस्य द्वारा 2018 में दायर मानहानि मामले में शनिवार को यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल जैन ने विकास पांडे की ओर से दायर मामले में यह वारंट जारी किया जिन्होंने राठी के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए एक वीडियो को लेकर उन पर मानहानि का आरोप लगाया है।

अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

अदालत ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 31 अक्टूबर की तारीख तय की है। यह घटनाक्रम अदालत द्वारा 12 अक्टूबर को राठी को नया समन जारी किए जाने के कुछ दिन बाद सामने आया है। उस समय अदालत ने कहा था कि शिकायतकर्ता पिछले कई वर्षों से राठी को समन तामील कराने का प्रयास कर रहा है। अदालत ने अपने आदेश में निर्देश दिया कि राठी के हरियाणा के गुरुग्राम स्थित आवास पर नया समन भेजा जाए।

हादसे का शिकार हुए डिप्टी सीएम

एजेंसी,रायपुर। छत्तीसगढ़ से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां डिप्टी सीएम अरुण साव हादसे का शिकार हो गए हैं। हादसा देर रात हुआ। उनके पैर में हल्की चोट आई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उनके पैर में कच्चा प्लास्टर बांधा है। जिसके चलते उनके आज के निर्धारित कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, डिप्टी सीएम अरुण साव बीती रात लोरमी में स्कूटी से दुर्गा पंडाल दर्शन करने के लिए निकले हुए थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई और वे गिर पड़े। जिससे उनके पैर में चोट आ गई। डॉक्टरी जांच में चोट को हल्का बताया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव को समस्या ज्यादा लगी तो वे शनिवार सुबह इलाज के लिए बिलासपुर के सिम्स हॉस्पिटल पहुंचे। यहां उनके पैर में लगी चोट का उपचार कराया गया।

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़, इलाके में तलाशी अभियान

एजेंसी,श्रीनगर ।जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह मुठभेड़ घुसपैठ की कोशिश के दौरान हुई। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले के केरन सेक्टर के जुमगुंड इलाके में नियंत्रण रेखा के पास सतर्क जवानों ने शनिवार तड़के संदिग्ध गतिविधि देखी।

इसके बाद जवानों ने आतंकवादियों को ललकारा और उन्हें घेर लिया। अधिकारियों ने बताया कि अभियान जारी है तथा इस संबंध में अभी ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है।

कोटा में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर पुल से नीचे गिरी मिनी बस, 8 लोगों की मौत

एजेंसी,कोटा । राजस्थान के कोटा में शनिवार सुबह दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक बस हादसा हुआ, जिसमें भोपाल से खाटूश्याम जा रहे कम से कम 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इस दुर्घटना में करीब 15 लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर यह हादसा कोटा के सिमलिया थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 6.30 बजे हुआ। एक मिनी बस भोपाल से खाटूश्याम जा रही थी। इसी दौरान एक्सप्रेसवे पर मिनी बस अनियंत्रित हो गई और एक नाले के ऊपर बने पुल से जा टकराई। इसके बाद मिनी बस करीब 15 फीट की ऊंचाई से जा गिरी। इसके बाद घटनास्थल पर चीख–पुकार मच गई। बस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों की भीड़ जुट गई। तुरंत

पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस टीमों ने सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल के लिए भेजा और मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लिया। बताया गया कि घायलों को निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। नाले में कीचड़ व पानी के कारण रेस्क्यू में परेशानी भी हुई। यह भी बताया गया कि इस मिनी बस में 25 से अधिक श्रद्धालु सवार थे। कोटा ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा ने पुष्टि की है कि इस दुर्घटना में करीब 8 लोगों की मौत हो गई है और 15 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। उन्होंने कहा है कि भोपाल से कुछ यात्री मिनी बस में खाटूश्याम की यात्रा करने के लिए जा रहे थे। सभी लोग अलग–अलग परिवारों से हैं, लेकिन वे सभी एक–दूसरे को जानते हैं। जिसने इस यात्रा की योजना बनाई थी, वह व्यक्ति भी इस बस में सवार था।

सेंट जूड्स विद्यालय में मनाया गया 52वाँ स्थापना दिवस

सांस्कृतिक कार्यक्रमों और ओपन डांडिया ने बांधा समां, नई सीबीएसई शाखा की घोषणा एवं मैराथन की टी–शर्ट का हुआ विमोचन

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

उन्नाव। सेंट जूड्स विद्यालय परिसर में 52वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य श्री राज बहादुर सिंह चंदेल एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती श्वेता मिश्रा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर भारतीय वायु सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी श्री विजय यादव की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय प्रबंधक श्री फहद अजीम एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रिचा शर्मा सिंह ने मुख्य अतिथियों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री फहद अजीम ने मुख्य अतिथि से आगामी शनिवार को आयोजित होने वाली मैराथन दौड़ की टी–शर्ट का विमोचन कराया। साथ ही विद्यालय की नई सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित शाखा प्रारंभ करने की घोषणा की गई, जो विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गोवा डांस, असमिया लोक नृत्य, लुंगी डांस, श्याम रे मेरा ढोलना, ब्रज की होली एवं महाराष्ट्र के पारंपरिक लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुतियाँ दी गईं। विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति एवं परंपराओं को दर्शाती इन प्रस्तुतियों ने भारतीय सांस्कृतिक विविधता की सुंदर झलक प्रस्तुत की। उपस्थित अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रतिभा एवं शानदार प्रदर्शन की मुक्त कंठ से सराहना की।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ओपन डांडिया रहा, जिसमें विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगीत की मधुर धुनों पर सभी के कदम थिरक उठे और पूरा विद्यालय परिसर उल्लास एवं उमंग से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या श्रीमती रिचा शर्मा सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री फहद अजीम, कोषाध्यक्ष श्रीमती अरिशा अजीम, सेंट जूड्स विधि महाविद्यालय के प्रबंधक श्री सुल्तान अहमद, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रिचा शर्मा सिंह, अनुपम सिंह सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

विद्यालय का 52वाँ स्थापना दिवस सांस्कृतिक विविधता, विद्यार्थियों की प्रतिभा, शैक्षणिक विकास एवं सामूहिक उत्साह का प्रतीक बनकर सभी के लिए यादगार रहा।

एनएचएम संविदा कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

सहमति के बाद 17 अक्टूबर से काम पर लौटेंगे कर्मचारी

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

सीतापुर/लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों का इको गार्डन लखनऊ में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शासन और एनएचएम अधिकारियों के साथ वार्ता में मांगों पर लिखित सहमति बनने के बाद समाप्त हो गया है। प्रदेश संगठन के निर्देश पर 17 अक्टूबर 2026 से सभी एनएचएम संविदा कर्मचारी अपने–अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित होकर नियमित कार्य प्रारंभ कर दिया।

14 अक्टूबर 2026 को आयोजित बैठक में संगठन की ओर से प्रस्तुत मांगपत्र पर विस्तार से चर्चा हुई। वार्ता के

बाद मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश तथा संबंधित मानव संसाधन (एचआर) अधिकारियों के हस्ताक्षरयुक्त बैठक कार्यवृत्त (मिनट्स ऑफ मीटिंग) जारी किया गया। इसके बाद संगठन ने धरना समाप्त करने और कर्मचारियों की कार्य पर वापसी का निर्णय लिया।

प्रदेश स्टेट कमेटी ने आंदोलन में धैर्य सहयोग एकजुटता और अनुशासन बनाए रखने के लिए सभी एनएचएम संविदा कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

एटीएम कार्ड बदलकर महिला के खाते से 56 हजार पार

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

लखीमपुर खीरी। अस्पताल रोड स्थित एसबीआई एटीएम में रुपये निकालने पहुंची पूजा गुप्ता का कार्ड बदलकर शातिर ने खाते से 56,000 निकाल लिए। आरोप है कि आरोपी ने पहले महिला का पिन देखा, फिर असली कार्ड बदल लिया। रेलवे स्टेशन रोड, पेट्रोल पंप और बरेली में कार्ड का इस्तेमाल कर रकम निकाली गई।

मामले की शिकायत सदर कोतवाली में की गई है।

गौरीफंटा सीमा पर नेपाल लौटने वालों की भारी भीड़, सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

लखीमपुर खीरी। दशहरे का त्योहार संपन्न होने के बाद भारत के विभिन्न राज्यों से अपने वतन नेपाल लौटने वाले नेपाली नागरिकों की भारी भीड़ गौरीफंटा–त्रिनगर सीमा पर उमड़ पड़ी है। यात्रियों की इस अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है और दोनों देशों की प्रशासनिक एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। सुरक्षा व्यवस्था के जवानों द्वारा संयुक्त गश्त (Joint Patrolling) की जा रही है।

अवैध वसूली और यात्रियों के उत्पीड़न पर लगेगी लगाम

त्योहारों के सीजन में अक्सर यात्रियों से वाहनों के मनमाने किराए वसूलने और धोखाधड़ी की शिकायतें सामने आती हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने अवैध वसूली और यात्रियों के उत्पीड़न पर रोक लगाने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। सीमा पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष श्यात्री सहायता डेस्क भी स्थापित किए गए हैं, ताकि घर लौट रहे नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उनकी जांच प्रक्रिया सुगमता से पूरी हो सके।

चाक–चौबंद, बनाई गई संयुक्त रणनीति

भीड़ को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस ने नेपाल के सुरक्षा बलों के साथ समन्वय स्थापित किया है। सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही, देर रात और भोर के समय यात्रा करने वाले नागरिकों की सुरक्षा के लिए दोनों देशों

पुलिस मुठभेड़ में गोतस्कर घायल हथियार और कारतूस बरामद

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

बलिया। बलिया के गड़वार थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस मुठभेड़ में कथित गोतस्कर सुगनी नट (32) घायल हो गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रतसड़ भेजा। आरोपी के कब्जे से .315 बोर का तमंचा, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

सीओ सिटी के अनुसार, 17 अक्तूबर की रात करीब 12रू55 बजे गड़वार थानाध्यक्ष हितेश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शाहपुर नट बस्ती के पास नहर की पुलिया पर एक संदिग्ध मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ने का प्रयास किया।

पुलिस का आरोप है कि खुद को घिरता देख संदिग्ध ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के बाएं पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। मौके से हथियार और कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद उसे उपचार के लिए सीएचसी रतसड़ ले जाया गया।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में सुगनी नट के आवारा गोवंश की तस्करी से जुड़ी घटनाओं में शामिल होने की जानकारी मिली है। आरोप है कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर आवारा गोवंश को वाहनों में लादकर वध के लिए बिहार ले जाता था। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और कथित गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। सुगनी नट बलिया के गड़वार थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव का निवासी बताया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। बरामद हथियार और कारतूस के संबंध में भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े तथ्यों और आरोपी के कथित साथियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।

भारतीय ज्ञान परम्परा पर विद्वत संगोष्ठी सम्पन्न

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

खागा। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत के तत्वावधान में विद्वत परिषद संगोष्ठी आयोजित हुई। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ मालवीय (विभागाध्यक्ष पत्रकारिता, लखनऊ विश्वविद्यालय), अध्यक्ष कृष्ण स्वरूप सिंह, विशिष्ट अतिथि रजनीश पाठक, प्रांतीय संयोजक नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

संगोष्ठी का विषय 'भारतीय ज्ञान परम्परा एवं समकालीन विमर्श' रहा। रजनीश पाठक ने कहा कि समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य – इन पांच परिवर्तनों से समाज को सही दिशा दी जा सकती है। मुख्य अतिथि डॉ. मालवीय ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ संस्कार भी देती है और भारतीय ज्ञान परम्परा को वर्तमान शिक्षा में अपनाना समय की जरूरत है।

जिला अस्पताल में भर्ती प्लंबर की हालत गंभीर, काम करते को लगा करंट

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार दोपहर काम करते समय करंट की चपेट में आने से एक प्लंबर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। परिजन और आसपास मौजूद लोग उसे आनन–फानन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। बता दे कि जानकारी के अनुसार, शराब मिल क्षेत्र के वृंदावन कानोला निवासी करण शोनी (27) शनिवार दोपहर करीब 2रू30 बजे शौरभ कुमार के घर पर प्लंबर का काम कर रहा था। इसी दौरान पाइप में लगी मुर्गा जाली के संपर्क में आने से वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही करण बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे संभाला और तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया। बताया जा रहा है कि युवक का शरीर 60 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक उसकी निगरानी कर रहे हैं।

छात्राओं ने धारण किया नवदुर्गा का रूप

अमेठी,,संवाददाता। नगर के संस्कार ग्लोबल स्कूल, गौरीगंज में शनिवार को नवरात्र और विजयादशमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अंकिता सिंह ने नवदुर्गा का रूप धारण करने वाली छात्राओं का विधिवत पूजन कर किया। संस्था की चेयरपर्सन डॉ. अंजना सिंह सेंगर ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निदेशक रंजन सिंह ने विद्यार्थियों से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने की अपील की।

मार्च तक उन्नाव स्टेशन का होगा कायाकल्प

DRM ने निर्माण की रफ्तार बढ़ाने के दिए निर्देश

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

उन्नाव। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने शनिवार को उन्नाव रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लखनऊ–कानपुर रेलखंड पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति देखी। अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक में उन्होंने निर्माण से जुड़ी तकनीकी दिक्कतों को समय से दूर करने और काम में देरी न होने देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक की प्रस्तावित परियोजना और आरपीएफ हिरासत में नेपाली युवक की मौत का मामला भी उठा। बता दे कि स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दो मंजिला भवन बनाया जा रहा

है। डीआरएम के मुताबिक, भवन के ग्राउंड फ्लोर की कास्टिंग पूरी हो चुकी है, जबकि ऊपरी मंजिल की कास्टिंग का काम चल रहा है। उन्होंने निर्माण की प्रगति और तकनीकी जरूरतों की जानकारी ली। डीआरएम ने विकास कार्यों को चालू वित्तीय वर्ष में मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य बताया। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी ड्राइंग और तकनीकी समस्याओं का समय से समाधान कराने को कहा। साथ ही निर्माण कार्यों की लगातार निगरानी करने और अनावश्यक देरी से बचने के निर्देश दिए। रेलवे का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक से जुड़ी एक प्रस्तावित परियोजना का मुद्दा भी उठा। बताया गया कि पूर्व सांसद अन्नू टंडन के कार्यकाल में वर्ष 2012 में इसका सर्वे कराया गया था। इस पर डीआरएम ने कहा कि परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी लेने के बाद ही उसकी मौजूदा स्थिति और आगे बढ़ने की संभावनाओं पर स्पष्ट जानकारी दी जा सकेगी। लखनऊ–कानपुर रेलखंड के निरीक्षण के दौरान आरपीएफ हिरासत में नेपाली नागरिक की मौत का मामला भी उठाया गया। सवाल किया गया कि हिरासत के दौरान युवक तक नुकीली या धारदार वस्तु कैसे पहुंची और निगरानी के बावजूद उसकी मौत कैसे हुई। डीआरएम ने कहा कि वह इस मामले में आरपीएफ कमांडेंट से बात कर विस्तृत जानकारी लेंगे।

उन्होंने फिलहाल किसी अधिकारी की लापरवाही या कार्रवाई की पुष्टि नहीं की।

ABVP के सेवा विमर्श कार्यक्रम में राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को किया गया याद

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

सीतापुर। श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस सीतापुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 110वीं जयंती के उपलक्ष्य में सेवा विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने को सच्चा राष्ट्रधर्म बताते हुए इस विषय पर सार्थक विचार–विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता पूज्य आचार्य शांतनु महाराज ने उपस्थित लोगों को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने सेवा के महत्व और समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहायता पहुंचाने के विचारों पर अपना पाथेय दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले अतिथियों ने आयोजन की सराहना की।

कार्यक्रम के आयोजकों ने इसे समाज सेवा की भावना को मजबूत करने वाला प्रेरणादायी प्रयास बताया।

इस सार्थक आयोजन के लिए ABVP अवध प्रांत के विभाग संगठन मंत्री विकास त्रिपाठी संगठन के सभी सदस्यों श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधक तथा समस्त गुरुजनों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया।

कार्यालय पहुंची दिव्यांग को डीएम ने दिलाई ट्राईसाइकिल

अमेठी,,संवाददाता। जिले की तिलोई तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने लोगों की शिकायतें सुनीं। पिंक समाधान दिवस में तिलोई के भदसाना गांव की दिव्यांग रेनू पीएम आवास योजना का लाभ मांगने पहुंचीं। रेनू ने बताया कि वह दिव्यांग हैं और उनके पास रहने के लिए घर नहीं है। जिलाधिकारी ने समस्या सुनी और जिला विकास अधिकारी को रेनू को नियमानुसार आवासीय सुविधा व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

आस्था सिंह का यूपीएससी में जियो-साइंटिस्ट पद पर चयन

बलिया के पिपरा कलां गांव की निवासी है, क्षेत्र में हर्ष का माहौल

लोक हस्तक्षेप संवादता

बलिया। जिले के पिपरा कलां गांव निवासी आस्था सिंह का संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की चयन प्रक्रिया के तहत जियो–साइंटिस्ट (भू–वैज्ञानिक) पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आस्था सिंह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं।

उन्होंने छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित रविशंकर विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया था।

शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित करने के बाद उन्होंने यूपीएससी की चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त की।।

1 नवंबर को लखनऊ में लगेगा 'मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

- एक ही छत के नीचे मिलेगी मुफ्त कानूनी मदद और सरकारी योजनाएं
- जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह के मार्गदर्शन में होगा भव्य आयोजन
- एडीजे प्रकाश तिवारी ने अधिकारियों को दिए नगी कैंप लगाकर पात्रों को चिन्हित करने के निर्देश

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 1 नवंबर 2026 को राजधानी लखनऊ में एक भव्य 'मेगाध्वहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर' का आयोजन किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मलखान सिंह के कुशल निर्देशन में होने वाले इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के निर्बल, वंचित, गरीब, दिव्यांगजन, महिलाओं, बच्चों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विधिक सहायता के साथ–साथ विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। इस वृहद आयोजन को सफल और प्रभावी बनाने के लिए शनिवार को पुराना उच्च न्यायालय परिसर स्थित मध्यस्थता सभागार में अपर जिला जज (एडीजे) प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय अंतर–विभागीय समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)नोडल अधिकारी राज बहादुर सिंह सहित जनपद के सभी प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कड़ा रुख अपनाते हुए अपर जिला जज प्रकाश तिवारी ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मुख्य शिविर से पहले अपने–अपने कार्यक्षेत्रों में लघु शिविर (मिनी कैंप) आयोजित करें। इन मिनी कैंपों के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को समय रहते चिन्हित किया जाए, ताकि मुख्य शिविर के दिन उन्हें तुरंत लाभान्वित किया जा सके।

विशेषज्ञ वकील देंगे मुफ्त कानूनी सलाह

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि इस मेगा शिविर में विशेषज्ञ अधिवक्ताओं द्वारा निःशुल्क कानूनी परामर्श, विधिक सहायता तथा आगामी लोक अदालतों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही मंच पर प्रदान की जाएंगी। शिविर स्थल पर सभी विभागों द्वारा अपने–अपने स्टॉल और हेल्प–डेस्क स्थापित किए जाएंगे। वहाँ पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ–साथ मौके पर ही आवेदन प्राप्त कर लाभान्वित करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस वृहद शिविर में शासन के सभी प्रमुख विभाग एक साथ सहभागिता करेंगे। इसमें मुख्य रूप से जिला विकासखंड विकास, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, महिला एवं बाल विकास, बेसिक, माध्यमिक, उच्च व प्राविधिक शिक्षा, कृषि एवं मत्स्य पालन, श्रम कल्याण (विशेषतः बंधुआ मजदूरी उन्मूलन), पुलिस विभाग (मानव तस्करी रोधी इकाई), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कौशल विकास व उद्योग, राजस्व, परिवहन, आवास एवं नगर विकास, नाबार्ड व अग्रणी बैंक (ऋण व बीमा सहायता), सीमैप, डूडा, नगर निकाय, खाद्य सुरक्षा एवं रसद विभाग तथा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं शामिल हैं। सचिव ने जनपद के सभी जरूरतमंद व पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे 1 नवंबर को आयोजित होने वाले इस मेगा शिविर में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर निःशुल्क विधिक सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

फेक सर्वे पर भड़कीं मायावती कार्यकर्ताओं को दिया बड़ा संदेश

लखनऊ,संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कथित फेक सर्वेक्षणों के प्रचार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जातिवादी मीडिया और सोशल मीडिया धनबल का दुरुपयोग कर षड्यंत्र के तहत बसपा को कमजोर दिखाने और जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और बहुजन समाज के लोगों से ऐसे प्रचार से सतर्क रहने तथा उत्तर प्रदेश में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने की अपील की। मायावती ने शनिवार को कहा कि तीनों राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए बसपा अच्छे और दमदार उम्मीदवारों के चयन सहित जमीनी स्तर पर तैयारियों में जुटी है। इसी बीच कथित तौर पर फेक और ध्यान भटकाने वाले सर्वेक्षणों का प्रचार शुरू कर दिया गया है। उन्होंने इसे बसपा को निशाना बनाने की कोशिश बताते हुए दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान जातिवादी मीडिया की ओर से पार्टी के खिलाफ मिथ्या और अनर्गल प्रचार किया जाता रहा है।

उनके मुताबिक, फेक और प्रायोजित सर्वेक्षणों में बसपा की ताकत को कम करके आंका जाता है, जिससे जनता के बीच भ्रम पैदा हो। मायावती ने वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय भी मीडिया का रवैया जातिवादी और द्वेषपूर्ण था। इसके बावजूद बसपा ने तमाम कयासों और उम्मीदों को गलत साबित करते हुए उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। उन्होंने कहा कि उस समय प्रदेश में कानून द्वारा कानून का राज स्थापित करने और सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की भावना के अनुरूप संवैधानिक कल्याणकारी व्यवस्था को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया था। बसपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले समाजवादी पार्टी और अब भाजपा के शासन से त्रस्त सर्व समाज, खासकर बहुजन समाज के लोगों को विरोधी दलों और जातिवादी तत्वों के हथकंडों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधी साम, दाम, दंड और भेद जैसी रणनीतियों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

गोमती का जलस्तर घटने पर खुला चंद्रिका देवी मंदिर

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के बीकेटी में स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर शनिवार को भक्तों के लिए खोल दिया गया। गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण मंदिर जाने वाले रास्ते पानी में डूब गए थे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए मंदिर को बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को मंदिर परिसर की साफ–सफाई की गई। इसके बाद शनिवार से भक्तों के लिए दर्शन शुरू हो गए। मंदिर में सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इससे पहले शुक्रवार शाम को डीसीपी नॉर्थ अमित कुमार आनंद ने मंदिर परिसर का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था दिया थी।

एनसीसी कैडेट्स ने नागरिकों को सिखाए यातायात सुरक्षा के नियम

लखनऊ,संवाददाता। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई ने मिशन शक्ति के तहत यातायात जागरूकता अभियान चलाया। 20 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, लखनऊ के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर के बाहर आयोजित अभियान का नेतृत्व कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने किया। कुलपति ने कहा कि यातायात नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने यातायात संचालन में सहयोग किया और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क पर अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। अभियान का संचालन एनसीसी की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा के मार्गदर्शन में किया गया।

छात्रों ने राम–रावण प्रसंग से दिया अच्छाई की जीत का संदेश

लखनऊ,संवाददाता। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) एल्डेको में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर एक खास प्रार्थना सभा में बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। प्रार्थना सभा भक्तिमय माहौल में शुरू हुई, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इसका मकसद छात्रों को दशहरा का महत्व समझाना और सत्य, धर्म, साहस जैसे मूल्य अपनाने के लिए प्रेरित करना था। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जिसमें भक्ति गीत, भाषण और श्रीराम की रावण पर जीत की कहानी दिखाई गई। उनकी प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास और संस्कृति की समझ दिखी। प्राइमरी विंग के छोटे बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से सबका ध्यान खींचा। पारंपरिक कपड़े पहने इन बच्चों ने दशहरा से जुड़ी गतिविधियों में भाग लिया। इस कार्यक्रम ने छात्रों को दशहरा के संदेश–सत्य और अच्छाई की हमेशा जीत होती है – पर सोचने का मौका दिया। उन्हें इन मूल्यों को अपनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

सातवें दिन भक्तिमय हुआ माहौल

बांदा,संवाददाता। चंदवारा में शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। पूजा पंडालों में भक्तों का उत्साह देखने लायक था। मां के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दिन मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा का विशेष महत्व है। श्रद्धालु विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर रहे हैं। मां की भव्य प्रतिमा, लाल वस्त्र और आकर्षक श्रृंगार भक्तों को खूब पसंद आ रहा है। रंग–बिरंगे पर्दे और सजावट भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सुबह से ही महिलाएं, पुरुष और बच्चे दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

निःशुल्क नेत्र शिविर लगा

बांदा,संवाददाता। विकासखंड जसपुरा की ग्राम पंचायत अमारा में एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण और परामर्श शिविर लगाया गया। इसका आयोजन नंदू सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों की आंखों की जांच और इलाज किया गया। जरूरतमंद लोगों को मुफ्त चश्मे बांटे गए। मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट स्थित जानकीकुंड भेजा गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं आसान बनाना और नेत्र रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस पहल से क्षेत्र के कई लोगों को फायदा मिला।

प्रकृति संरक्षण थीम पर सजी झांकी

बांदा,संवाददाता। जिले में 49 डिग्री सेल्सियस तापमान के बाद पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता अभियान शुरू हुआ है। शारदीय नवरात्र पर आदिशक्ति सेवा फाउंडेशन ने अतर्रा चुंगी में माता रानी की झांकी को प्रकृति संरक्षण थीम पर सजाया है। यह झांकी नगरवासियों को पर्यावरण बचाने का संदेश दे रही है। गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने माता रानी के दरबार में प्रकृति संरक्षण से जुड़ा प्रार्थना–पत्र चढ़ाया।

68,500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने घेरा मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का घर

लखनऊ,संवाददाता। 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2018 के अभ्यर्थियों ने शनिवार को अपनी मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के लखनऊ स्थित आवास का घेराव किया। दस्तक दो अभियान के तहत बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थियों ने मंत्री को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द न्याय दिलाने की गुहार लगाई। अभ्यर्थियों का नेतृत्व कर रहे तूफान सिंह और आशुतोष वर्मा ने बताया कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (उत्तर प्रदेश) ने अपनी रिपोर्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों को उत्तीर्णांक में 5 प्रतिशत की छूट देने की सिफारिश की है। इसके तहत 150 नंबर के पूर्णांक में पासिंग मार्क्स 60 अंक (यानी 40:) करके नया संशोधित रिजल्ट जारी किया जाना चाहिए। अभ्यर्थियों का कहना है कि इस सिफारिश के लागू होने से न केवल ओबीसी, बल्कि

दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को भी शिक्षक बनने का मौका मिलेगा। अभ्यर्थी तूफान सिंह के मुताबिक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। मंत्री ने कहा कि वे इस संबंध में उत्तर प्रदेश के डिप्टी शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करेंगे और मामले का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। अभ्यर्थियों ने ज्ञापन के साथ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट की कॉपी भी मंत्री को सौंपी। ज्ञापन सौंपने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने सुरक्षा कारणों से अभ्यर्थियों को बसों में बैठाकर इको गार्डन धरना स्थल भेज दिया। इस प्रदर्शन के दौरान तूफान सिंह, नसीम, इशिता पाल, प्रतिमा कुशवाहा समेत सैकड़ों अभ्यर्थी मौजूद रहे।

तुष्टीकरण के सहारे अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रही सपा कांग्रेस : ब्रजेश पाठक

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश के ज्यादातर हिस्सों में कांग्रेस पार्टी केवल मुस्लिम तुष्टीकरण के बल पर अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ रही है और उत्तर प्रदेश में उसका कोई जनाधार नहीं बचा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा राहुल गांधी को रायबरेली सीट को लेकर दी गई चुनौती का समर्थन करते हुए ब्रजेश पाठक ने सवाल

उठाया कि क्या कांग्रेस सपा के बिना रायबरेली जीतने का सामर्थ्य रखती है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस समझ चुकी है कि यूपी में उसकी जमीन खिसक चुकी है।

उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कांग्रेस जिस तरह देश–विरोधी ताकतों के साथ मिलकर विरोध–प्रदर्शन कर रही है, उससे साफ है कि जनता की भूख उन्हें सोने नहीं दे रही। उन्होंने 1975 के आपातकाल (इमरजेंसी) का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के संविधान विरोधी कृत्य और उसकी गलत आर्थिक नीतियों ने हमेशा देश को गर्त में धकेलने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि वैश्विक अव्यवस्थाओं के बावजूद भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। वहीं, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को दूसरों की जगह अपनी चिंता करनी चाहिए।

राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं हमारे शिक्षक : ब्रजेश पाठक

- मुरादाबाद में बरेली–मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री का संबोधन
- विधान परिषद चुनाव और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर रखे विचार

संवाददाता

मुरादाबाद– लखनऊ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को जनपद मुरादाबाद में बरेली–मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित मुरादाबाद जिलामहानगर शिक्षक सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक साथियों से सीधा संवाद कर शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका, उनके हितों के संरक्षण, विधान परिषद चुनाव तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर अपने विचार साझा किए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति और उसकी भावी पीढ़ी के निर्माता होते हैं। विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक सशक्त, शिक्षित और विकसित भारत के निर्माण का मार्ग गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से होकर गुजरता है, जिसमें

शिक्षकों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान, उनके हितों की रक्षा और शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षकों के अनुभव, सुझाव और अपेक्षाएं शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक समाज को नई दिशा देने के साथ ही देश की भावी पीढ़ी को योग्य, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने का कार्य करते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव होने हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। शिक्षकों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के साथ निरंतर संवाद आवश्यक है, ताकि उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और सुझावों को समझकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर वातावरण तैयार किया जा सके। शिक्षक सशक्त होंगे, तभी शिक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध विकसित करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सैनी, बरेली–मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं विधान परिषद सदस्य हरि सिंह ढिल्लों, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, कुंवर महाराज सिंह एवं गोपाल अंजान, भाजपा प्रदेश मंत्री प्रमेंद्र जांगड़, मुरादाबाद के महापौर विनोद अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल तथा विधायक रितेश गुप्ता एवं आकाश सक्सेना उपस्थित रहे।

बैंक मजबूत हुए हैं तो खाते से क्यों काटे जा रहे हैं पैसे ? अखिलेश यादव के 12 सवाल

लखनऊ,संवाददाता। समाजवादी पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बैंकिंग व्यवस्था को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने मोदी के 12 साल के कार्यकाल को लेकर 12 सवाल किया है। अखिलेश ने बारह साल, बारह सवाल के जरिए बैंकों की मजबूती, खातों से कटने वाले पैसे, लोन की उपलब्धता, साइबर ठगी और बैंक कर्मचारियों की भर्ती जैसे मुद्दे उठाए। अखिलेश ने सवाल किया कि अगर बैंक मजबूत हुए हैं तो आम जनता को इन परेशानियों से राहत क्यों नहीं मिल रही है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखा, जिसमें उनका पहला सवाल था, बैंक मजबूत हुए हैं तो फिर बेचे क्यों जा रहे हैं? दूसरा सवाल, बैंक मजबूत हुए हैं तो गरीब जनता के खाते से पैसे क्यों काटे जा रहे हैं? तीसरा सवाल, बैंक मजबूत हुए हैं तो बार–बार केवाईसी के नाम पर जनता के पैसे देने से इनकार क्यों किया जा रहा है? चौथा सवाल, उन लोगों को पकड़कर देश में लाकर सजा क्यों नहीं दी जा रही है, जो बैंकों से खरबों का लोन लेकर भाग गये हैं? पांचवां सवाल, ग्रामीण इलाकों में ब्रांच और एटीएम बंद करके जनता को कैश के लिए क्यों भटकाया जा रहा है? सपा प्रमुख का छठवां सवाल, बैंक मजबूत हुए हैं तो फिर किसानों छात्रों और छोटे दुकानदारों को बिना बिचौलिए और बिना गारंटर के लोन क्यों नहीं मिल रहा है? सातवां सवाल, बैंक मजबूत हुए हैं तो साइबर ठगी का शिकार हुए गरीब आदमी का पैसा तुरंत वापस क्यों नहीं होता, उसे थाने और बैंक के चक्कर क्यों कटवाए जाते हैं? आठवां सवाल, बैंक मजबूत हुए हैं तो फिर होम लोन और शिक्षा लोन पर ब्याज इतना ज्यादा क्यों है कि आम आदमी की कमर टूट रही है? नौवां सवाल, बैंक मजबूत हुए हैं तो फिर डिजिटल ट्रांजेक्शन फेल होने पर जनता का पैसा कई–कई दिन तक होल्ड पर क्यों रखा जा रहा है? अखिलेश का दसवां सवाल था।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनकी ओर से कार्य करते हुए मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

01	**कार्य का नाम :** फेयरी क्वीन सेवाओं हेतु केरिज वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ में खुली निविदा के माध्यम से तीन कोचों, जिनमें एक चेयर कार, एक एसएलआर एवं एक पैंट्री कार शामिल हैं, का रूपांतरण, संशोधन एवं नवीनीकरण।	
02	**कार्य स्थल :** सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ	
03	**अनुमानित लागत :** रु. 2,15,80,173 मात्र।	
04	**निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य।	
05	**बिड सिक्युरिटी :** रु. 4,31,600/- मात्र।	
06	**कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 04 माह।	
07	**निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** दिनाँक– 07.11.2026 समय 12:00 बजे तक।	
08	**प्रमाणपत्र :** फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure- A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए।	
09	**खुलने का समय :** निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है।	
10	**कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है**	निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट – www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
11	**वेबसाईट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है**	

सं.: 2026-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू-ई निविदा-48 दिनाँक: 15.10.2026 3624/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पंचायत चुनाव : सुप्रीम कोर्ट नहीं जायेगी सरकार

लखनऊ,संवाददाता। यूपी में पंचायत चुनाव की सरगर्मी जोरों पर है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की तरफ से तीन महीने के भीतर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न कराने का कड़ा आदेश आने के बाद अब सूबे की सरकार के अगले कदम पर सभी की निगाहें टिक गई हैं। सूबे के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने साफ कर दिया है कि सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटायेगी। जैसे ही पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट हाथ लगेगी, तय समय सीमा के अंदर ही चुनाव कराने की मुकम्मल तैयारी शुरू कर दी जाएगी। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर के मुताबिक सरकार अदालत के हर निर्देश का पूरा सम्मान करती है। चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन पहले ही पूरा किया जा चुका है। कोर्ट के निर्देशानुसार अगर समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आने वाले एक महीने के भीतर मिल जाती है, तो उसके ठीक अगले दो महीनों के अंदर चुनाव की पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सकता है। जहां सरकार हाई कोर्ट के फैसले के साथ खड़ी नजर आ रही है, वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन ने हाई कोर्ट के इस आदेश को देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का मन बना लिया है। संगठन आने वाले सप्ताह में ही इस मामले को लेकर अपील दायर कर सकता है। देखना बेहद दिलचस्प होगा कि सुप्रीम कोर्ट इस पूरी समयसीमा पर क्या रुख अपनाता है। सिर्फ ग्राम प्रधान ही नहीं, बल्कि जिला पंचायत अध्यक्ष संघ और ब्लॉक प्रमुख संघ ने भी जल्दबाजी में होने वाले चुनावों को लेकर अपनी गहरी चिंता जाहिर की है।

डिवाइडर की रेलिंग तोड़कर पलटी कार, एक मौत, चार घायल

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में बीती शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए सड़क के दूसरी ओर पलट गई। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को पीजीआई स्थित एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने रायबरेली निवासी उत्कर्ष (26) को मृत घोषित कर दिया। चार अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। हादसा रायबरेली रोड पर कल्ली पश्चिम पुलिस चौकी के पास हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि डिवाइडर की लोहे की रेलिंग टूट गई। उसके टुकड़े सड़क किनारे बिखर गए। कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। कार में एक युवक स्टेयरिंग के पास फंस गया था। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला। इसके बाद उसे एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। कार सवार चार अन्य लोग भी घायल हुए थे। सभी को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। हादसे में उत्कर्ष पांडेय (26) पुत्र

मनोज पांडेय की मौत हो गई। वहीं, अनुराग शुक्ला (21) पुत्र भोलू शुक्ला, अर्पित त्रिपाठी (24) पुत्र श्याम त्रिपाठी, नीर शुक्ला (24) पुत्र भोलू शुक्ला और सूरज त्रिपाठी (19) पुत्र रामू त्रिपाठी घायल हो गए। सभी रायबरेली जिले के निवासी हैं।

घायलों का इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही कल्ली चौकी इंचार्ज अभ्युदय गुप्ता मौके पर पहुंचे। कार में युवक को फंसा देखकर उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकालने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। अन्य घायलों को भी एंबुलेंस की मदद से ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। घटनास्थल की तस्वीरों में कार पलटी हुई दिखाई दे रही है। वाहन की बॉडी बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। वहीं, डिवाइडर पर लगी लोहे की रेलिंग कई जगह से टूटकर मुड़ गई। उसके हिस्से सड़क किनारे बिखरे पड़े थे। हादसे की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई थी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि में छह दिसम्बर को कारसेवा को लेकर संगोष्ठी

लखनऊ,संवाददाता। योगी सेना (भारत) के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण को लेकर संगोष्ठी का आयोजन यहां चौहान पुरम, हनुमानपुरी, सरोजनी नगर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेना प्रमुख गौरव वर्मा ने कहा की 134 करोड़ सनातनियों के आस्था के प्रतीक श्री कृष्ण भगवान है आस्था को देखते हुए योगी सेना (भारत) ने पूरे प्रदेश संगोष्ठी का आयोजन किया था जिससे आगामी छह दिसंबर को सेना हजारों हिन्दुओं के साथ कारसेवा करेगी। श्री वर्मा ने योगी सेना

संपादकीय

असहज होना लाजिमी

अमेरिका अपनी ताकत का इस्तेमाल विकासशील देशों की पूंजी और औद्योगिक विशेषज्ञता को झटकने के लिए कर रहा है। भारत ने इस रुझान का मुकाबला करने की इच्छा तक नहीं दिखाई है। एस्सार ग्रुप लगभग 15 बिलियन डॉलर के निवेश से अमेरिका में अपनी स्टील कारखाना परियोजना को पुनर्जीवित करेगा। एस्सार ग्रुप के मालिक रुइया बंधुओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति और उनके मंत्रियों की मौजूदगी में यह हाई प्रोफाइल एलान किया। इस तरह ये समूह उन भारतीय कंपनियों में शामिल हो गया है, जिन्होंने इस वर्ष अमेरिका में अरबों डॉलर के निवेश की घोषणा की है। सन फार्मस्यूटिकल्क, जेएसडब्लू स्टील, अम्बुदय ग्रुप, स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज, और पीआर जिंदल समूह पहले ही डॉनल्ड ट्रंप के श्मेक अमेरिका ग्रेट अगेनश्व मुहिम का हिस्सा बन चुके हैं। कहा जा सकता है कि जब ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ की दीवार से विदेशी उत्पादों का अमेरिका आना मुश्किल कर दिया है, वहां अपना बाजार बचाने का इन कंपनियों के पास यही रास्ता बचा है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि सारी दुनिया की कीमत पर अपने देश को फिर श्औद्योगिक शक्तित्व बनाने की ट्रंप की योजना से भारत जैसे पूंजी के अभाव से ग्रस्त देश के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हुई है। भूमंडलीकरण के दौर में भारत जैसे देशों की कोशिश पश्चिमी पूंजी और तकनीक को आकर्षित करने की रही। इसके लिए उन्होंने अपने नियम–कायदे बदले। लेकिन ट्रंप काल में दुनिया का सबसे विकसित देश अपनी ताकत का इस्तेमाल विकास की सीढ़ी पर पिछड़े देशों की पूंजी और औद्योगिक विशेषज्ञता को झटकने के लिए कर रहा है। इसे भारत की विवशता की कहा जाएगा कि उसने इस रुझान का मुकाबला करने की इच्छा तक नहीं दिखाई है। नतीजतन, भारतीय बाजार से मिले अवसर से यहां की कंपनियों ने जो धन कमाया, उसका निवेश वे श्अमेरिका को महान बनानेश्व में कर रही हैं। इस क्रम में एस्सार ग्रुप का मामला और भी विवादास्पद है। भारतीय बैंकों के डिफॉल्टरों में यह समूह दसवें नंबर पर रही है। तीन भारतीय बैंकों ने उससे कर्ज वसूली की प्रक्रिया चला रखी है। टेलीकॉम, बिजली, स्टील, इन्फ्रास्ट्रक्चर, तेल आदि क्षेत्रों में निवेश के लिए एस्सार ने जो कर्ज लिए, उसका एक बड़ा हिस्सा उसने नहीं चुकाया। और अब वह विशाल निवेश अमेरिका में करने जा रही है। इस पर भारतवासियों का खुद को असहज महसूस करना लाजिमी ही है।

पांच प्रमुख शक्तिपीठों का होगा विकास

धनंजय राठौर

पर्यटन एक ऐसी यात्रा या भ्रमण है, जो मनोरंजन या फुर्सत के क्षणों का आनंद उठाने के उद्देश्य से किया जाता है। अतिथि देवो भवरू भारतीय परंपरा प्राचीन काल से रही है। छत्तीसगढ़ में लगभग 138 स्थलों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के आधार पर पर्यटन स्थल के रूप में प्राथमिकता दी गई है, जिसमें 58 स्मारकों को 11 अभ्यारण 03 राष्ट्रीय उद्यान को संरक्षित घोषित किया गया है। पर्यटन मानव की प्राचीन एवं मौलिक प्रवृत्ति है। पर्यटन ६ ारातलीय तथा मानवीय विभिन्नताओं विविधताओं का अवलोकन कर ज्ञान की बढ़ोतरी एवं मनोरंजन करता है। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक और सांस्कृतिक पर्यटन का एक प्रमुख गंतव्य है। यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक ६ ारोहर ने इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने उत्तराखंड के चार धाम की तर्ज पर राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए शक्तिपीठ परियोजना की शुरुआत की है। इस परियोजना के तहत लगभग 1,000 किलोमीटर लंबे आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन कॉरिडोर का विकास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख शक्तिपीठों एवं महत्वपूर्ण पूजा स्थलों का विकास, सौंदर्यीकरण तथा आध ाभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं के लिए सुगम पहुंच मार्ग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, विश्राम स्थल एवं सुरक्षा व्यवस्था जैसी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। छत्तीसगढ़ आस्था पथ (शक्तिपीठ भ्रमण) योजना प्रारंभ करने जा रहे हैं, जिसमें पांचों शक्तिपीठों का भ्रमण एवं दर्शन कराया जाएगा, इसके लिए सरकार ने वर्ष 2026–27 के बजट में 5 करोड़ का प्रावधान किया है। प्रदेश के पांच शक्तिपीठों कुदरगढ़, डोगरगढ़, रतनपुर, चन्द्रपुर एवं दंतेवाड़ा को शक्तिपीठ सर्किट के रूप में विकसित करने के लिए बजटीय प्रावधान किया है। इस परियोजना के तहत रतनपुर स्थित मां महामाया, चंद्रपुर की मां चंद्रहासनी, डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी, दंतेवाड़ा की मां दंतेश्वरी और सूरजपुर के कुदरगढ़ मंदिर को एक धार्मिक सर्किट के रूप में विकसित किया जाना था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकार गठन के बाद बजट में इसके लिए पांच करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया था, जिससे प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलने की उम्मीद थी। इन पाँचों शक्तिपीठों को बेहतर सड़कों, यात्री सुविधाओं, विश्राम

स्थलों और सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ना। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और जिला प्रशासन द्वारा इन मंदिरों में सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का काम तेजी से किया जा रहा है।

केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले स्थित माँ महामाया मंदिर, रतनपुर के समग्र विकास के लिए 200 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसे केन्द्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय को प्रेषित की गई है। उक्त कार्य योजना को स्वीकृति मिलते ही एंजेसी तय कर कार्य प्रारंभ की जाएगी। यह मंदिर 11वीं–12वीं शताब्दी के दौरान कलचुरी राजा र प्रतिशतदेव प्रथम द्वारा बनवाया गया था और यह माँ महालक्ष्मी एवं माँ महासरस्वती को समर्पित है। यह दक्षिण कोशल क्षेत्र की आराध्य देवी और रतनपुर राज्य की कुलदेवी के रूप में पूजी जाती है। इसके अलावा डोंगरगढ़, कुदरगढ़, चंद्रपुर और दंतेवाड़ा की शक्तिपीठों के लिए सीपीआर तैयार करने प्रक्रियाधीन है। प्रसाद योजना के तहत केंद्र सरकार ने प्रथम चरण में देश के 26 धार्मिक तीर्थ स्थलों का चयन किया है। इन्हें पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जा रहा है ताकि देश–विदेश के पर्यटक यहां पहुंच सकें। पर्यटन को बढ़ावा मिले। इन स्थलों की प्रसिद्धी का विस्तार हो। हमारे प्रमुख देवी तीर्थ स्थल महामाया मंदिर और दंतेश्वरी मंदिर को प्रसाद योजना में शामिल करवाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाकर केंद्र सरकार को भेजा गया है।

यह सुविधाएं की जानी है विकसित

पांचों शक्तिपीठों में गार्डन, ठहने की व्यवस्था, लाइटिंग, हवन–पूजन स्थल, रेलिंग, पानी, सामुदायिक शौचालय, बैठने की व्यवस्था, रेप–वे, पर्यटन मंडल का केंद्र, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा व्यवस्था और होम स्टे आदि की सुविधाएं विकसित की जानी है। इन स्थलों में बेहतर सड़क संपर्क, स्वच्छ पेयजल, आध ुनिक शौचालय, सुव्यवस्थित पार्किंग, पर्यटक सहायता केंद्र, डिजिटल सूचना प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा और सुरक्षा जैसी आवश्यक सुविध ाओं को प्राथमिकता के साथ विकसित किया जाएगा। इन पर्यटन स्थलों की विशिष्टता को ध्यान में रखते हुए उनके विकास में स्थानीय वास्तुकला, संस्कृति और प्राकृतिक परिवेश के संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में स्थित डोंगरगढ़ की सुरम्य पहाड़ियों की गोद में विराजी माँ बम्लेश्वरी देवी इस क्षेत्र की ही नहीं, बल्कि देश–विदेश के लाखों–करोड़ों श्रद्धालुओं की अगाध आस्था का मुख्य केंद्र हैं। समुद्र तल से लगभग 1600 फीट की ऊँचाई पर पहाड़ी पर स्थित यह पवित्र मंदिर माँ शक्ति के पावन रूपों में विशेष स्थान रखता है। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में स्थित माँ बम्लेश्वरी मंदिर का इतिहास लगभग 2200 वर्ष पुराना है। यह एक प्रसिद्ध शक्तिपीठ है। 2200 वर्ष पहले यहाँ कामाख्या नगरी (वर्तमान डोंगरगढ़) थी, जहाँ राजा वीरसेन का शासन था। निरुत्संतान होने पर उन्होंने शिव और दुर्गा की आराधना की। देवी की कृपा से उन्हें पुत्र र प्रतिशत की प्राप्ति हुई, जिसके बाद उन्होंने इस मंदिर की स्थापना करवाई। 11वीं शताब्दी में कलचुरी राजा कर्णदेव ने इस मंदिर को पुनर्विकसित किया। बाद में 15वीं–16वीं शताब्दी में गोंड राजाओं ने इस क्षेत्र और मंदिर का विस्तार किया। मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ ही नहीं देश–विदेशों में भक्तों के लिए आस्था का केंद्र हैं। मां बम्लेश्वरी मंदिर का इतिहास 2500 वर्ष से भी प्राचीन बताया जाता है। केंद्र सरकार ने यहां प्रसाद योजना के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर की परियोजना की घोषणा की है।

मां महामाया मंदिर रतनपुर

रतनपुर महामाया मंदिर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के रतनपुर में स्थित एक प्रसिद्ध और ऐतिहासिक सिद्ध शक्तिपीठ है। बिलासपुर–कोरबा मार्ग पर महामाया देवी का यह मंदिर 1050 ईसवी में बना बताया जाता है। राजा र प्रतिशतदेव प्रथम द्वारा स्थापित मंदिर क्षेत्र को कलचुरियों की राजधानी माना जाता है। यह कलचुरी राजाओं की कुलदेवी का ऐतिहासिक मंदिर है, जहाँ माता का कंधा गिरने की मान्यता है।

इस मंदिर का निर्माण 11वीं–12वीं शताब्दी (लगभग 12–13वीं शताब्दी) में कलचुरी वंश के राजा रतनदेव प्रथम द्वारा कराया गया था। बाद में 1492 ईसवी (विक्रम संवत 1552) में राजा बहार साईं ने वर्तमान मंदिर का जीर्णोद्धार व निर्माण कराया। गर्भगृह में माँ महामाया की दुर्लभ दोहरी (ड्यूअल) प्रतिमा है – आगे महिषासुरमर्दिनी और पीछे देवी सरस्वती की आकृति विराजमान है। ऐसी मान्यता है कि यहाँ माता सती का दाहिना हाथ गिरा था।

मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि स्थानीय जनजातीय परंपरा और सनातन आस्था के अद्भुत मिलन का सबसे बड़ा प्रतीक है। यह मंदिर दंतेवाड़ा में शंखिनी और डंकिनी नदियों के पवित्र संगम तट पर स्थित है, जो सदियों से आदिवासियों और आम लोगों की अगाध श्रद्धा का केंद्र रहा है। ध ार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यहाँ माता सती के दाँत गिरे थे, जिसके कारण इस पावन स्थल का नाम दंतेवाड़ा और माता का नाम दंतेश्वरी पड़ा। 14वीं शताब्दी में निर्मित इस मंदिर की अधिष्ठात्री देवी को बस्तर के काकतीय राजा अपनी कुलदेवी मानते थे। मंदिर के गर्भगृह में काले पत्थर से निर्मित छह भुजाओं वाली महिषासुरमर्दिनी की भव्य मूर्ति स्थापित है। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के दौरान इस मंदिर का महत्व सबसे चरम पर होता है। उत्सव के दौरान माता के छत्र और डोली को दंतेवाड़ा से जगदलपुर ले जाया जाता है, जिसमें शामिल होने के लिए दूर–दूर से हजारों आदिवासी और आम श्रद्धालु पैदल पहुँचते हैं। यह आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता और आपसी भाईचारे को दर्शाता है।

मां बागेश्वरी कुदरगढ़ धाम

सूरजपुर जिले के ओडगी विकासखंड स्थित बागेश्वरी माता को राक्षसों के संहार के लिए जाना जाता है। यह शक्ति एवं साहस का प्रतीक माना जाता है। 1500 फीट ऊंचे पहाड़ों पर स्थित यह मंदिर चारों ओर घने जंगलों से घिरा है। मान्यता के अनुसार कुदरगढ़ क्षेत्र मां भगवती पार्वती की तपोस्थली रही है। जहां माता भगवती ने शक्ति का रूप धारण कर राक्षसों का संहार किया था। बाद में इसी जगह पर लगभग चार सौ साल पहले राजा बालंद ने माता बागेश्वरी को स्थापित किया, वे माता के भक्त थे। बाद में चौहान वंश के राजा ने बालंद को युद्ध में पराजित कर दिया था, जिसके बाद उसी वंश ने माता के मंदिर की देख रेख की। तब से हर साल नवरात्र में सुबह की पहली आरती चौहान वंश के वंशज ही यहां करते हैं। 18वीं सदी में चौहान राजाओं ने छत्तीसगढ़ के मूल आदिवासी बैगा जनजाति को माता के देख–रेख और पूजा की जिम्मेदारी सौंपी थी, तब से आज तक बैगा समुदाय के लोग ही माता कि पूजा करते है।

मां चंद्रहासिनी चंद्रपुर

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले (पूर्व में जांजगीर–चांपा) के चंद्रपुर में महानदी के तट पर स्थित मां चंद्रहासिनी देवी का मंदिर एक प्रसिद्ध सिद्ध शक्तिपीठ है। यह मंदिर महानदी और मांड नदी के संगम के पास चंद्रपुर में स्थित है। प्रचलित मान्यताओं के अनुसार, संबलपुर के राजा चंद्रहास ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था, जिसके कारण इस स्थान का नाम चंद्रपुर और देवी का नाम चंद्रहासिनी पड़ा। वर्ष 1522 में चांदपुर के गोंड राजा धुंध्या राम साह अत्राम ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। गोंड राजाओं ने मां को अपनी कुलदेवी माना और शक्ति पूजा की परंपरा को आगे बढ़ाया।

सक्ती जिला स्थित मां चंद्रहासिनी मंदिर का इतिहास काफी प्राचीन है। यह चंद्रपुर की पहाड़ी पर स्थित है। मंदिर की सुंदर कलाकृति प्राचीनता का अनुभव कराती है। लोगों की माता को लेकर बड़ी आस्था है। इसे 52 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है, और ऐसी मान्यता है कि यहां माता सती का बायां कान गिरा था। वर्ष 1935 में महानदी में भीषण बाढ़ आई थी। तब राजा चंद्रहास के वंशज ठाकुर शशिभूषण ने माता को बकरा बलि अर्पित कर प्रार्थना की, जिसके बाद नदी का जलस्तर कम हो गया और लोगों की जान बची। आज भी नदी के पास पत्थर पर माता के पद–चिह्न मौजूद हैं, जिनकी पूजा की जाती है। राज्य के आर्थिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक पारिस्थितिकी दृष्टि से संवहनीय पर्यटन को प्रोत्साहित करना है।

छत्तीसगढ़ में पर्यटन, अनुभव की गुणवत्ता एवं आकर्षण को सुदृढ़ करना, छत्तीसगढ़ की समृद्ध एवं विविध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार–प्रसार करना, आर्थिक विकास एवं संबन्धित क्षेत्रों में पर्यटन के योगदान में वृद्धि करना। पर्यटन से संबन्धित अवोंसंरचना के विकास में निजी निवेशकों के प्रय प्रतिशतों को प्रोत्साहित करना। शासन की भूमिका को सुविधापरक बनाना, पर्यटन के क्षेत्र में नई अवधारणाएं जैसे– टाइम शेयर, पारिस्थितिकी पर्यटन, साहसिक पर्यटन, इत्यादि को बढ़ावा देना। स्थानीय समुदाय की बौद्धिक सम्पदा एवं अधिकारों का सम्मान करना। छत्तीसगढ़ में पर्यटन को उद्योग का दर्जा देना, जिससे बेरोजगारों को रोजगार मिलने की सम्भावना होगी।

छत्तीसगढ़ प्रकृति, प्रगति और परंपरा

शकुंतला तरार

वनाच्छादित गिरि शिखरों से संपूरित, हरे–भरे मैदानों के साथ ही भू–गर्भ में अनेक बहुमूल्य खनिज संसाधनों को समाए हुए लोक की संस्कृति को अपनी कलाओं के माध्यम से विस्तारित करता हुआ विकास के नए आयाम गढ़ता, आगे बढ़ता अपना यह छत्तीसगढ़। यह केवल एक भौगोलिक भूभाग या देश का कोई सामान्य राज्य नहीं है, बल्कि भारत के हृदय स्थल में धड़कती एक जीवंत और अक्षुण्ण सभ्यता है। जहाँ प्रकृति ने अपनी हरी–भरी ऊँगलियों से वनों और पहाड़ों को सँवारा है, वहीं महाकाल ने इसके इतिहास को अत्यंत गौरवमयी पन्नों से अलंकृत किया है।

छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी रचनात्मक शक्ति इसकी सांस्कृतिक और भाषाई बुनावट में निहित है। छत्तीसगढ़, जिसके हर अलग–अलग क्षेत्रों में अलग–अलग क्षेत्रीय भाषाएँ प्रचलित हैं। जिस तरह देश के हर प्रांत की अपनी प्रांतीय भाषा है, उसी तरह छत्तीसगढ़ में क्षेत्रीयता के आधार पर अनेकों लोक बोलियाँ, जिन्हें मैं लोक भाषा कहती हूँ, बोली जाती हैं। उत्तर में सरगुजिहा और कुडुख की मिठास है, मध्य मैदानी भागों में छत्तीसगढ़ी का भोलापन है, तो दक्षिण के बस्तर वनांचल में हल्बी, गोंडी, भतरी और दोरली, धुरवा, परजी जैसी लोक भाषाओं का आदिम और समृद्ध वैभव सुरक्षित है। यह भाषाई विविधता किसी विभाजन को नहीं, बल्कि एक सुंदर गुलदस्ते को दर्शाती है। वास्तव में, विविधता में एकता की मिसाल है हमारा यह छत्तीसगढ़। लोक कथाओं, लोक गीतों, रीति–रिवाजों से गुम्फित है यह छत्तीसगढ़। सुआ की थाप, पंथी की आध्यात्मिक गति, करमा की लय और पंडवानी के ओजस्वी स्वर यहाँ के जनजीवन की साँसों में लयबद्ध हैं। यह वह पावन धरा है जहाँ प्रागैतिहासिक काल से ही आर्य–अनार्य संस्कृति का संगम होता रहा है और दोनों ही धाराओं ने समरस होकर एक–दूसरे को आत्मसात किया है।

इस माटी का आध्यात्मिक और पौराणिक वैभव इतना गहरा है कि इसके संदर्भ सीधे सनातन संस्कृति के केंद्रीय स्तंभों को आध ार प्रदान करते हैं। यह पावन भूमि भगवान श्रीराम का ननिहाल है। प्राचीन नाम कोसल (दक्षिण कोसल), राजा कोसल की बेटी माता कौसल्या की जन्म भूमि है यह छत्तीसगढ़। यही कारण है कि पूरे भारतवर्ष में केवल छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा अनूठा प्रदेश है जहाँ आज भी भांजे के भीतर साक्षात भगवान राम का रूप मानकर उनके चरण छूने की अत्यंत मर्यादित और सुंदर परंपरा जीवित है। यह धरा महापराक्रमी महादानी राजा मोरध्वज की न्यायप्रियता की अमर साक्षी है और यही भूमि सप्त ऋषियों की पावन तपोस्थली भी हैरुजिनमेंरू–

1.ऋषि श्रृंगी (सिहावा)रू जहाँ राजा दशरथ की पुत्री देवी शांता से श्रृंगी ऋषि का पावन विवाह सम्पन्न हुआ था (जिनकी माता कौसल्या थी)। इसी विवाह के पश्चात अयोध्या में पुत्रेष्टि यज्ञ संपन्न हुआ और राम जी का ६ ारा पर अवतार हुआ।

2.ऋषि अत्रि (अतरमढ़ा)रू जो सती माता अनुसूया के अप्रतिम पातिव्रत्य और दिव्य तपस्या की अमर साक्षी भूमि है।

3.ऋषि अगस्त्यरू जिन्होंने अपनी विदुषी प्रतिशती लोपामुद्रा के साथ इस वनांचल को ज्ञान, दर्शन और संस्कृति से आलोकित किया था।

4.महर्षि वाल्मीकि (तुरतुरिया)रू वह परम पावन आश्रम जहाँ विपदा और संताप के दिनों में साक्षात माता सीता ने आश्रय लिया था और जहाँ लव–कुश जैसी प्रतापी संतानों ने जन्म लिया।

5.ऋषि मतंगरू जिनकी कुटिया और तपोबल की परिधि में रहकर ही साक्षात भक्ति स्वरूपा माता शबरी ने कंद–मूल चखकर प्रभु राम की प्रतीक्षा की थी।

6.ऋषि माण्डकर्णी और 7. ऋषि सुतीक्ष्णरू जिनकी कठोर साधना से यह संपूर्ण दंडकारण्य क्षेत्र आज भी अभिमंत्रित और ऊर्जावान है। अतः यह कहना पूर्णतरू प्रासंगिक होगा कि यह वही पावन भूमि है जिसने पूरे संसार को रामायण जैसे महाकाव्य के सृजन के निमित्त पात्रों को अपने अंक (गोद) में समेट कर रखा था।

धर्म से धन तकः तीर्थाटन बना भारत की प्रगति का आधार

शिवप्रकाश

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 25 वर्षों में किये गए राष्ट्र सेवा के अनवरत कार्यों से देश को परिचित कराया। आशीर्वाद का दिया जलाकर उनके प्रति अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की गयी। उल्लेखनीय विकास केन्द्रों का प्रवास , ऑगनवाड़ी बहिनों का सम्मान , प्रभावी व्यक्तियों से संपर्क आदि के माध्यम से समाज के सभी व्यक्तियों से संपर्क का यह अभिनव अभियान था । 7 अक्टूबर को देश के हजारों स्थानों पर लाखो नागरिको ने ध्म यह करेंगे› के उद्घोष के साथ 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी लिया गया। विगत 25 वर्षों में मोदी जी ने भारत के आर्थिक उत्थान के साथ–साथ विश्व में भारत का सांस्कृतिक गौरव भी स्थापित किया है। भारत में धर्म केवल पूजा–पाठ एवं कर्मकांड तक सीमित नही समाज धारणा एवं कर्तव्य भाव भी सिखाता है। वैशेषिक दर्शन में महर्षि कणाद ने धर्म को व्याख्यायित करते हुए कहा कि ष्यतोऽभ्युदयनिरूश्रेयससिद्धिरू स धर्मरू।› जिसके अनुसार धर्म मनुष्य जीवन के दोनों पक्षों नैतिक एवं आर्थिक उन्नति की व्याख्या करता है। जब इसी विषय को सरकार के सन्दर्भ में विचार करेंगे तब अभ्युदय का अर्थ रोजगार , कृषि , इंफ्रास्ट्रक्चर, विज्ञान , महिला , वंचित आदि का सम्मान करते हुए आर्थिक विकास की नीतिया बनाना है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांस्कृतिक उत्थान के कार्यों के माध्यम से आर्थिक प्रगति के लिए महत्त्वपूर्ण प्रयास किये है। विपक्ष सांस्कृतिक उत्थान के होने वाले कार्यो को आलोचना की दृष्टि से देखता था। इन धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में हुए प्रयासों के कारण आर्थिक व्यवस्था में कितना परिवर्तन आया है यह अध्ययन का विषय है। जिसको कुछ उदाहरणों से समझा जा सकता है ?जब किसी धार्मिक स्थल का विकास होता है। तब केवल मंदिर परिसर ही नही वहां का सम्पूर्ण चित्र बदलता है। सड़के पर्यटकों के आवागमन के योग्य बनती है। रेलवे, एअरपोर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, दुकानदार, स्थानीय आवागमन के साधनों का उपयोग , हस्तशिल्प , स्थानीय उत्पादों की बिक्री आदि के द्वारा संपूर्ण जन–जीवन में परिवर्तन आता है। धार्मिक व्यवस्था से जुड़े गाइड , पुष्पमाला बेचने वाले एवं प्रसाद बेचने वाले दुकानदार सभी के जीवन में खुशहाली आती है। भारत सरकार की प्रसाद योजना के द्वारा यह सब संभव हुआ है। प्रसाद योजना के अंतर्गत 54 प्रकल्पो पर 1726. 74 करोड़ का बजट निर्धारित हुआ। एक अनुमान के अनुसार प्रसाद योजना के परिणाम स्वरुप 5000–8000 करोड़ की आर्थिक गतिविधि अब तक हुई है।

भारत में लगभग 20 लाख सनातनी आस्था (मंदिर) के स्थान है। 60 प्रतिशत पर्यटन धार्मिक पर्यटन है। जीडीपी में 5.22 प्रतिशत एवं रोजगार में 13.34 प्रतिशत का योगदान है। लगभग 7.5 करोड़ रोजगार धार्मिक एवं उससे संबंधित गतिविधियों से मिलता है।

गुजरात सरकार के बजट के आधार पर 2024–25 में सोमनाथ मंदिर के दर्शन के लिए प्रतिदिन 25000 श्रद्धालु आते है। वर्ष भर में लगभग 97 लाख लोगो ने अपने आराध्य के दर्शन किये। 2013 में 70–75 लाख श्रद्धालुओ ने दर्शन लिए थे। लगभग 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लगभग 1500– 1800 करोड़ की वार्षिक आर्थिक गतिविधि सोमनाथ तीर्थ दर्शन के कारण होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि मुझे तो माँ गंगा ने बुलाया है। 2014 के पूर्व एवं पश्चात् के काशी में बरसी आसमान का अंतर काशीवासी अनुभव करते है। मोदी का काशी से चुनाव लड़ना अपना सौभाग्य भी मानते है। 13 दिसंबर 2022 को काशी कोरिडोर के प्रथम चरण का उद्घाटन 339 करोड़ की लागत से संपन्न हुआ। काशी पुनर्निर्माण से पहले 70 –80 लाख तीर्थयात्री प्रतिवर्ष आते थे। अब लगभग 2025 में 7 करोड़ श्रद्धालु काशी में दर्शन के लिए आए। 2021 से 2025 तक 25.28 करोड़ दर्शनार्थियों ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किये। संपूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय के प्राध्यापक प्रो0 राजनाथ के अनुसार प्रति व्यक्ति लगभग 5000 रूपए भी खर्च करता है तब 1.25 लाख करोड़ का आर्थिक व्यापार होता है। जिसके कारण पर्यटन आय में 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। काशी , काशी–तमिल संगम के माध्यम से उत्तर–दक्षिण की एकात्मता का माध्यम भी बनी है। लंबे संघर्ष के उपरांत निर्मित भव्य मंदिर के निर्माण के उपरांत अयोध्या की सम्पूर्ण आर्थिकी ही परिवर्तित हो गयी। आई आई एम लखनऊ के एक अध्ययन के आधार पर वर्ष में पहले 1.7 लाख तीर्थयात्री आते थे। दुकानदारो की प्रतिदिन आय 400– 500 रु तक होती थी। 2025 में 29.95 करोड़ श्रद्धालुओ ने भगवान राम के दर्शन किये। अयोध्या का जीएसटी संग्रह का 400 करोड़ है। 2028 तक पर्यटन राजस्व संग्रह का अनुमान 18000 करोड़ है द्य जो वर्तमान में 100 करोड़ प्रतिवर्ष है। व्यापारिक आय में 5 गुना वृद्धि हुई है। रेस्टोरेंट 200 से बढ़कर 2000 हुए एवं बैंक शाखाएं 15 से बढ़कर 60 हुई है। होटल एवं होम स्टे में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश को पर्यटन विभाग एवं अयोध्या के कारण 2025 में 200 से 25000 करोड़ का अतिरिक्त कर प्राप्त हुआ है। 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महाकाल लोक का उद्घाटन होने के बाद 2019 की तुलना में तीर्थयात्रियों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पहले 20–25 हजार श्रद्धालु दर्शन करते थे अब 80 हजार से 1 लाख श्रद्धालु दर्शन करते है। अब इंदौर एवं उज्जैन आर्थिक विकास के कारण एक होने की स्थिति में है। मध्य प्रदेश में पर्यटन के कारण 89. 21 प्रतिशत वृद्धि हुई है जिसमे महाकाल तीर्थयात्रियों का बड़ा योगदान है। 2013 की केदारनाथ में आई आपदा का निरीक्षण करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी आये थे, उसी समय केदारनाथ के पुनर्निर्माण का संकल्प भी उन्होंने लिया था। आल वेदर रोड , ऋषिकेश से कर्ण प्रयाग रेलवे लाइन , वायु सेवा आदि के द्वारा अब उत्तराखंड में आदि कैलाश साहित चारो ध ामो में पर्यटन मे बहुगुणित वृद्धि हुई है। केवल केदारनाथ जी में 2025 में 1656539 तीर्थयात्री पहुचे 7 2025 के पहले डेढ़ मास में ही 300 करोड़ का रेवन्यू प्राप्त हुआ था। मोदी ध्यान गुफा की एक रात की बुकिंग 11000 रु है जिससे 2025 में विश्राम गृहों सहित 3.8 करोड़ की आय प्राप्त हुई थी। प्रयाग में आयोजित महाकुम्भ ने तो विश्व रिकॉर्ड ही बनाया है। दुनिया के लिए महाकुंभ की व्यवस्था शोध का विषय है। महाकुम्भ सम्पूर्ण विश्व के लोगो को जोड़ने का माध्यम भी बना है। आकड़ो के अनुसार 66 करोड़ से अधिक लोगो ने माँ गंगा में डुबकी लगायी थी। उत्तर प्रदेश सरकार को कुंभ के द्वारा 500 करोड़ की अतिरिक्त जी एस टी के माध्यम से आय हुई 7 1.5 लाख करोड़ पर्यटन के कारण राजस्व प्राप्त हुआ। सरकार ने महाकुम्भ क्षेत्र के विकास के लिए 6982 करोड़ खर्च कर 2 –3 लाख करोड़ राजस्व आय प्राप्त की। लगभग 6 लाख से अधिक लोगो को रोजगार भी प्राप्त हुए। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नासिक के काला राम मंदिर के दर्शन कर 11 दिन के लिए अलग–अलग मंदिरों में प्रधानमंत्री मोदी जी संकल्प पूर्ति के लिए गए थे। वीरभद्र मंदिर लेपाक्षी , गुरुवायूर केरलं , श्रीरामा स्वामी मंदिर त्रिशूर केरलं रंगनाथ स्वामी मंदिर तमिलनाडु , रामेश्वरम एवं धनुषकोडी के दर्शन उन्होंने किये थे। मान्यतानुसार भगवान श्रीराम का इन्ही सभी मंदिरों से अपने वनवास काल में सम्बन्ध आया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस यात्रा के कारण इन सभी स्थानों पर तीर्थयात्रियो में वृद्धि के कारण अर्थव्यवस्था में परिवर्तन आया है। नवम्बर 2023 की मन की बात में प्धेड इन इण्डिया› का आह्वान भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। विदेश में भारतीय वर्ष भर में लगभग 5000 शादियाँ करते थे।

श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन हुआ सुदामा चरित्र का वर्णन, भावविभोर हुए श्रद्धालु

लोक हस्तक्षेप संवाददाता
महेवा (इटावा)। विकास खंड महेवा की ग्राम पंचायत उझियानी स्थित दुर्गा पंडाल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण के सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास के मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा पंडाल में राधे–राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारे गूंजते रहे।

कथा व्यास भागवत आचार्य पंडित शिवकांत तिवारी जालौन ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता प्रेम, त्याग और निस्वार्थ भाव का अनुपम उदाहरण है। सुदामा अत्यंत गरीब होने के बावजूद अपने आत्मसम्मान और भक्ति भाव से कभी विमुख नहीं हुए। जब वे अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे, तो भगवान ने उनका आदर–सत्कार कर यह संदेश दिया कि सच्ची मित्रता में धन–दौलत और ऊंच–नीच का कोई स्थान नहीं होता। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों के भाव को देखते हैं, उनकी भौतिक संपत्ति को नहीं। जो व्यक्ति सच्चे मन और श्रद्धा से प्रभु का स्मरण करता है, भगवान उसकी सहायता अवश्य करते हैं। सुदामा चरित्र हमें प्रेम, विनम्रता, संतोष और मित्रता की सच्ची परिभाषा सिखाता है।

कथा व्यास ने श्रद्धालुओं से कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अहंकार का त्याग कर दूसरों के प्रति प्रेम, दया और सद्भाव का भाव रखना चाहिए। धार्मिक कथाओं का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि उनके माध्यम से मिलने वाली शिक्षाओं को जीवन में अपनाना है।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण किया। सातवें दिन भी कथा पंडाल में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

परम हंस कुटी पर रामकथा का आयोजन

वहीं, परम हंस कुटी पर अमित तिवारी उर्फ छुन्ना दरवट पुर वालों की ओर से रामकथा का आयोजन भी किया जा रहा है। रामकथा में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग और भक्तों के प्रति उनके प्रेम का वर्णन किया जा रहा है। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी जा रही है।

ग्राम पंचायत उझियानी सहित आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक आयोजनों को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। श्रीमद्भागवत कथा और रामकथा के माध्यम से लोगों को धर्म, संस्कार, प्रेम और आपसी सद्भाव का संदेश मिल रहा है।

अहेरीपुर में बीएलओ ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



लोक हस्तक्षेप संवाददाता
महेवा (इटावा) राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूचियों के एस एस आर के क्रम में बी एल ओ कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बूथों पर बैठे तथा गांव में भ्रमण कर लोगों को वोट बनवाने एवं सूची को देखने के लिए जागरूक किया इसी क्रम में ग्राम पंचायत अहेरीपुर के बूथ 268 पर बी एल ओ लालसिंह ,269 पर प्रदीप कुमार ,270 पर प्रेमलता एवं 271 पर अंकेश ने बैठकर आगामी एक जनवरी को 18 वर्ष पूरी करने वाले युवक युवतियों के वोट बनाये वही उन्होंने गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए छुटे हुए मतदाताओं को जागरूक करते हुए वोट बनवाने की अपील की ।

इस दौरान लोगों ने बूथ पर पहुंचकर सूची को पढ़ा तथा अपने अपने घरों के वोट भी देखे ग्राम वासी अंकुश कुमार ,राघवेंद्र ,अंकित ,सूबेदार आदि लोग मौजूद रहे।

एक गांव सुरक्षित परिवार अभियान का कल से होगा आगाज

बहेड़ा से होगी शुरुआत

लोक हस्तक्षेप संवाददाता
महेवा (इटावा)। जिला आपदा प्रबंधन इटावा के संयोजन में हर रविवार को एक गांव सुरक्षित परिवार अभियान का शुभारंभ 18 अक्टूबर रविवार को 11 बजे ग्राम बहेड़ा से होगा । उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ अवनीश दुबे ने बताया कि ग्रामीण सुरक्षा एवं आपदा जागरूकता अभियान की शुरुआत ग्राम बहेड़ा से की जाएगी तथा हर रविवार को एक गांव में उक्त अभियान आयोजित होगा ग्रामीणों को एकलव्य फाउंडेशन के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा विकसित भारत 2047 की थीम के तहत न्यूनतम आपदा जोखिम सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में आ रहे अपर जिलाधिकारी इटावा विपिन कुमार करेंगे तथा अध्यक्षता ग्राम प्रधान विजय प्रताप सिंह सेंगर करेंगे उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आने का आवाहन किया है ।

मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में चमके महेवा के सितारे

निधि ने भाला फेंक और कार्तिक ने ऊंची कूद में जीता गोल्ड

लोक हस्तक्षेप संवाददाता
महेवा(इटावा) । कानपुर देहात के मुख्यालय माती स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुई माध्यमिक स्कूलों की मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिला लेवल से भेजे गए महेवा के लोकमान्य रूरल इंटर कालेज के दो छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट खेलो का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन पाकर स्कूल का नाम रोशन किया ।

कालेज के पी टी आई बृजेश रावत ने बताया कि मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में निधि यादव ने जूनियर बालिका वर्ग में भाला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय खेल के पक्का स्थान किया वहीं कालेज के छात्र कार्तिक राठौर ने सब जूनियर वर्ग में ऊंची कूद में प्रथम तथा 80 मीटर बाधा दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया दोनों छात्र छात्रा राज्य स्तरीय माध्यमिक स्कूलों की खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे वही छात्र छात्राओं के चयन पर कालेज के प्रबंधक संजय कुमार शर्मा ,उपप्रबंधक जितेंद्र अवस्थी ,सचिव प्रदीप चौबे ,उपसचिव राजू दुबे ,प्रधानाचार्य शिव शंकर त्रिपाठी , मुख्य अनुशासक प्रताप नारायण तिवारी सहित समस्त कालेज प्रबंध समिति एवं शिक्षक स्टाफ व विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

स्कूल पहुंचकर ग्रामीण बैंक स्टाफ ने खोले बच्चों के खाते

लोक हस्तक्षेप संवाददाता
महेवा (इटावा)। विकास खंड क्षेत्र महेवा के ग्राम लुधियानी स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल लुधियानी में ग्रामीण बैंक के स्टाफ ने पहुंचकर छात्र छात्राओं के खाते खोले । विदित हो कि दो दिवस पूर्व विद्यालय के बच्चों ने प्रधानाध्यापिका रेनू त्रिपाठी के साथ बैंक का दौरा के बैंक के कार्यों एवं खाता संचालन के बारे में जानकारी ली थी उसी क्रम में प्रबंधक बी एल मीना ने बच्चो को बचत खाते खुलवाने के लिए प्रेरित किया था शनिवार को बैंक स्टाफ ने खाते खोले बच्चों में उत्साह देखने को मिला लगभग दो दर्जन से अधिक बच्चों ने बचत खाते खुलवाये ।

संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, राहतपुर के खिलाड़ियों का दबदबा

लोक हस्तक्षेप संवाददाता
महेवा(इटावा)। विकास खंड क्षेत्र महेवा के संकुल महेवा के अंतर्गत ग्राम राहतपुर स्थित कंपोजिट स्कूल के प्रांगण में संकुल स्तरीय खोलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बड़े उत्साह के साथ बच्चो ने भाग लेकर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया ।

खेल कूद का शुभारंभ नवागत ब्लॉक पी टी आई प्रशांत पाठक ने किया वहीं नया दायित्व मिलने पर ब्लॉक पी टी आई का स्वागत संकुल शिक्षकों के द्वारा किया गया । प्रतियोगिता के संयोजक 6 स्कूल के प्रधानाध्यापक विश्वराज बर्मा ने बताया कि प्रथम दिन प्राथमिक स्तर के बच्चो के खेल आयोजित हुए जिसमें 50 मीटर बालक वर्ग दौड़ में अभय राहतपुर प्रथम ,अभय कुमार उझियानी द्वितीय,अंकित बहेड़ा तृतीय स्थान पर रहे ।वही बालिका वर्ग में प्राची राहतपुर प्रथम ,प्रिन्सी उझियानी द्वितीय ,सुप्रिया बहेड़ा तृतीय रही ।

100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में ईशू उझियानी प्रथम ,अर्पित महेवा द्वितीय,मोहित राहतपुर तृतीय ,बालिका वर्ग में वैष्णवी राहतपुर प्रथम ,जानवी उझियानी द्वितीय ,सुप्रिया बहेड़ा तृतीय ,200 मीटर बालक वर्ग दौड़ में अभय राहतपुर प्रथम ,वंश उझियानी द्वितीय ,अर्पित महेवा तृतीय वही बालिका वर्ग में प्राची राहतपुर प्रथम , जानवी उझियानी द्वितीय तथा दुर्गेश्वरी बस्ती महेवा तृतीय स्थान पर रहीं।

कबड्डी बालक वर्ग में राहतपुर विजेता तथा उझियानी की टीम उपविजेता रही वहीं बालिका वर्ग में राहतपुर की टीम विजेता तथा महेवा की टीम उपविजेता रही ,लंबी कूद बालक वर्ग में ऋषि राहतपुर प्रथम ,शिव बहेड़ा द्वितीय तथा पवन उझियानी तृतीय स्थान पर रहे बालिक वर्ग में वैष्णवी राहतपुर प्रथम , प्रिया बहेड़ा द्वितीय एवं पायल उझियानी तृतीय ,खोखो बालक वर्ग में पी एस राहतपुर विजेता तथा पी एस उझियानी उपविजेता रहे वहीं बालिका वर्ग में उझियानी की टीम विजेता तथा राहतपुर की उपविजेता रही खेलो में संकुल महेवा क्षेत्र के सभी स्कूलों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल शिक्षक राजेश कुमार ,प्रवीण पांडेय ,जितेंद्र दुबे ,अरुण कुमार सहित पूजा अग्रवाल ,सर्वेश कुशवाहा , औसान सिंह ,राम सजीवन तोमर ,अरुणा दीक्षित ,संजीव कुमार ,आशुतोष वर्मा ,बालकृष्ण ,अरविंद कुमार ,मनोज कुमार ,राहत रहमानी ,पूजा सिंह ,गीता देवी ,सहित अनुदेशक प्रदीप कुमार ,ललित एवं नीरज चौहान का सहयोग रहा ।

महेवा के लोकमान्य इंटर कॉलेज में विशेष मतदाता कैंप आयोजित

लोक हस्तक्षेप संवाददाता
महेवा(इटावा)। राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार हरेक बूथ पर आयोजित मतदाता विशेष कैंप का आयोजन हुआ जिसने लोकमान्य इंटर कॉलेज में विशेष मतदाता कैंप का आयोजन, 12 नए मतदाताओं ने किया आवेदन ।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकमान्य इंटर कॉलेज में आज विशेष मतदाता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए लोगों ने धीमी गति से आवेदन किया।

कैंप के दौरान बूथ संख्या 275 पर 2, बूथ संख्या 276 पर 3, बूथ संख्या 277 पर 4 तथा बूथ संख्या 278 पर 3 नए मतदाता बनने के लिए आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार चारों बूथों पर कुल 12 लोगों ने नए मतदाता

के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन किया। इस अवसर पर बीएलओ प्रवक्ता शिव शंकर यादव, संजीव तिवारी, सर्वेश कुमारी एवं सुधा तिवारी, पदामिहित अधिकारी पीयूष कश्यप तथा सुपरवाइजर अरुण कुमार उपस्थित रहे।

कैंप का उद्देश्य पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने तथा उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना था।वही इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर ग्राम पंचायत बम्हौरा में बी एल ओ अजय कुमार ने ग्रामीणों के बूथ पर बैठकर वोट बनाये इस दौरान राजनैतिक दलों से जुड़े लोगों ने भी मतदाता सूची देखी व एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले के वोट बनवाये ।इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के जिला महासचिव राघवेंद्र सिंह ,बसपा के सेक्टर प्रभारी जितेंद्र दोहरे , जनवीजय सिंह,सेक्टर अध्यक्ष ऋषि गौतम आदि मौजूद रहे।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष कैंप

अमेठी,,संवाददाता। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अमेठी जिले में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। इन कैंपों का मकसद छूटे हुए और युवा मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करना है। विधानसभा 184 जगदीशपुर विकासखंड बाजार शुकुल की ग्रामसभा बरसंडा के बूथ पर बीएलओ गीता देवी, फाजिल फातमा, अमर बहादुर रहे समय सीमा तक मौजूद तैनात रहे। जिले भर के सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ और सुपरवाइजर जरूरी कागजात के साथ मौजूद हैं।

विधायक रिजवी ने 69 हजार शिक्षक भर्ती पर सरकार को घेरा

लोक हस्तक्षेप संवाददाता
सिकंदरपुर। समाजवादी पार्टी ने सिकंदरपुर ग्रामसभा के आलम के टोला में पीडीए जनचौपाल आयोजित की। क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पीडीए समाज के अधिकारों और आरक्षण पर चोट कर रही है। विधायक ने 69 हजार शिक्षक भर्ती का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में करीब 19 हजार पीडीए अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। रिजवी ने सरकार पर आम जनता की समस्याओं से सरोकार न रखने और कर बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति होने की बात भी कही। विधायक ने लोगों से समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया। जनचौपाल को कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। चौपाल को अनंत मिश्रा, भीष्म यादव, वीर बहादुर वर्मा, अतुलेश और सूरज ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता सेवानिवृत्त अध्यापक चंद्रमा यादव व संचालन देव नाथ यादव ने किया।

निर्माणाधीन होटल को तोड़ने पहुंची वीडीए की टीम हाईकोर्ट का ऑर्डर देख वापस लौटी

लोक हस्तक्षेप संवाददाता
वाराणसी। वाराणसी में निर्माणाधीन होटल को ध्वस्त करने पहुंची वीडीए की टीम हाईकोर्ट का आदेश देखने के बाद लौट गई। वीडीए सचिव के नेतृत्व में पहुंची टीम और मौके पर मौजूद लोगों के बीच नोकझोंक हुई। इस दौरान हंगामे की स्थिति बनी रही। हाईकोर्ट के आदेश के चलते ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हो सकी।

रथयात्रा से गुरुबाग जाने वाले मार्ग पर थियोसोफिकल सोसाइटी परिसर में दयाल ग्रुप के होटल निर्माण चल रहा है। शुक्रवार को वीडीए के सचिव वेद प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में टीम होटल के निर्माण को ध्वस्त करने पहुंची। मौके पर नोकझोंक और हंगामे जैसी स्थिति रही भारी संख्या में पुलिस बुलडोजर को देखकर होटल बनाने वाले की तरफ से भारी विरोध किया गया। होटल के विधिक सलाहकारों ने हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर दिखाने के बाद वीडीए की टीम लौट आई।

वीडीए सचिव ने बताया कि थियोसोफिकल सोसाइटी परिसर में होटल का नक्शा निरस्त होने के बाद ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए हुए था। इसका अनुपालन कराने वीडीए की टीम गई थी। होटल के विधिक सलाहकारों ने हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर दिखाया। जिस पर कार्रवाई रुक गई है।

आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। वीडीए की टीम मौके पर पहुंची तो वहां तनावपूर्ण स्थिति बन गई। होटल निर्माण को लेकर जमीन के स्वामित्व और लीज से जुड़े विवाद भी सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि परिसर की जमीन 30 साल की लीज पर है। जमीन के स्वामित्व समेत अन्य विवादों के बीच होटल निर्माण की वैधता पर सवाल उठे तो वीडीए ने विभागीय स्तर पर कार्रवाई की। निर्माण के दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाए जाने की बात सामने आने के बाद वीडीए ने नियमानुसार कार्रवाई का निर्णय लिया। अब इस मामले में आगे की कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश और विभागीय अभिलेखों की जांच के आधार पर तय होगी।

चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह ने पूरे प्रकरण को व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर अवगत कराया था। इस प्रकरण को विधानसभा के अंदर जमानिया के विधायक ओमप्रकाश सिंह ने भी उठाया था। मूल रूप से यह जमीन उपेंद्र बसु की है जो सोसाइटी को कभी अधिकृत रूप से दान नहीं दी थी।

असि को बताया नाला : एनएमसीजी ने गलती स्वीकारी

लोक हस्तक्षेप संवादाता
वाराणसी। वाराणसी में असि नदी को राज्य सरकार के दस्तावेजों में नाला बताए जाने के कारण उसकी टैपिंग किए जाने का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने इस गलती को स्वीकार किया है। मामले में एनजीटी ने टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या अब गंगा को भी टैप करेंगे? इस प्रकरण ने नदी संरक्षण और सरकारी दस्तावेजों पर सवाल खड़े किए हैं।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सुनवाई के दौरान गलती स्वीकार की और कहा कि असि नदी को गलतफहमी में टैप किया गया था। राज्य सरकार की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में नदी को नाला बताया गया था।

इस पर एनजीटी की पीठ ने मौखिक टिप्पणी की और कहा कि ऐसी ही स्थिति रही तो कल गंगा को भी टैप करल दिया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 18 जनवरी 2027 को होगी। महानिदेशक को अगले आदेश तक व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी गई है। मामले में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा गया है। असि नदी की पहचान, उसके पुनरुद्धार और उसमें गिरने वाले सीवेज के प्रबंधन मामले में 13 अक्टूबर को सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की मौजूदगी वाली पीठ ने जो सुनवाई की है उसके आदेश की प्रति शुक्रवार (16 अक्टूबर) को अपलोड की गई।

याचिकाकर्ता सौरभ तिवारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े। पीठ ने एनएमसीजी के महानिदेशक को प्रस्तुत तथ्यों के संबंध में छह सप्ताह के भीतर शपथपत्र दाखिल करने के निर्देश दिए। इससे पहले पीठ के समक्ष तलब महानिदेशक ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने एसटीपी की जो डीपीआर तैयार कराई थी उसमें असि को नदी की जगह नाला दर्शाया गया था इसलिए टैपिंग की अनुमति दी गई। एनजीटी ने पूछा कि 2016 के प्रावधानों के विपरीत टैपिंग की अनुमति कैसे दी गई। इस पर महानिदेशक ने बताया कि राज्य सरकार की डीपीआर और रिपोर्ट से गलतफहमी हुई। असि नदी में सीवेज का प्रवाह रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

टैपिंग हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। असि नदी के पुनरुद्धार का उद्देश्य केवल सीवेज को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाना नहीं बल्कि नदी में गंदे पानी के प्रवाह को रोकने और उसकी प्राकृतिक पहचान को सुरक्षित रखने से भी जुड़ा है। सीवेज को एसटीपी से जोड़ने और टैपिंग हटाने के लिए समय सीमा भी तय होगी।

याचिकाकर्ता सौरभ तिवारी ने वर्ष 2024 में एनजीटी के समक्ष वाराणसी की असि और वरुणा नदियों के पुनरुद्धार, एनजीटी की ओर से पूर्व में पारित आदेशों के अनुपालन को लेकर याचिका दाखिल की थी। इसी मामले की सुनवाई के दौरान असि नदी की टैपिंग, सीवेज प्रबंधन और गंगा की सहायक नदियों के संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई चल रही है।

भविष्य की परियोजनाओं में 5 साल की शर्त

एनएमसीजी के महानिदेशक ने एनजीटी को बताया कि भविष्य में गंगा की सहायक जलधाराओं और बरसाती नालों की टैपिंग की अनुमति देते समय डीपीआर में समय सीमा तय की जा रही है। शर्त रखी जा रही कि संबंधित क्षेत्र के सभी सीवेज नेटवर्क को पांच साल के अंदर एसटीपी से जोड़ दिया जाए। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद टैपिंग हटाने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की होगी।

सुनवाई के दौरान एनएमसीजी के महानिदेशक ने पीठ को आश्वासन दिया और कहा कि असि नदी क्षेत्र में गिरने वाले सीवेज को एसटीपी से जोड़ा जाएगा।

इस सिलसिले में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की जाएगी। असि नदी जैसी ही गलतफहमी झारखंड और पश्चिम बंगाल में भी हुई जहां की राज्य सरकारों ने डीपीआर में सहायक नदियों को नाला बताया था।

जेलर 2 पर विद्या बालन बोलीं–तड़का सबने लगाया पर असली जायका तो रजनीकांत ही हैं

विद्या बालन हमेशा अपनी अलगग–अलग पटकथाओं और भूमिकाओं से दर्शकों को चौंकाती हैं। हिंदी सिनेमा में सफलता के बाद अब वो नेल्सन दिलीपकुमार की फिल्म जेलर 2 से एक बार फिर साउथ का रुख कर रही हैं। फिल्म में विद्या कांता का किरदार निभाएंगी, जिसकी पारिवारिक भावनाएं बेहद मजबूत हैं। भारतीय सिनेमा के थलाइवा रजनीकांत के साथ उन्होंने पहली बार स्क्रीन शेयर की है। हाल ही में विद्या ने अपनी इस फिल्म और किरदार पर खुलकर बात की। विद्या ने कहा, मैं जानती थी कि जेलर रजनीकांत की फिल्म है, क्योंकि मैंने ये फिल्म देखी है और मुझे यह बेहद पसंद आई थी। रजनीकांत की फिल्म तो रजनीकांत की ही होती है। मुझे खुशी है कि नेल्सन ने कांता जैसे दिलचस्प किरदार के लिए मुझे चुना। रजनी सर के साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए बहुत बड़े सम्मान और गर्व की बात है। विद्या ने आगे इशारा किया कि फिल्म में दर्शकों के लिए बड़ा सरप्राइज क्या होगा। अपनी भूमिका पर बात करते हुए उन्होंने कहा, कांता मेरे लिए एक बेहद दिलचस्प किरदार है। वो अपने परिवार से बेइंतहा प्यार करती है और उनकी रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। जेलर यूनिवर्स में हर कोई अपना खास तड़का लगाता है, लेकिन असली पकवान तो हमेशा रजनीकांत ही होते हैं। जेलर 2 को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) से यूए 16 सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म करीब 2 घंटे 45 मिनट की है। सीक्वल में राम्या कृष्णन, योगी बाबू और मिरना वापसी कर रहे हैं, वहीं एसजे सूर्या, सूरज वेंजरामूडू, मिथुन चक्रवर्ती, अन्ना राजन और जतिन सरना भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 2023 की ब्लॉकबस्टर का हिस्सा रहे मोहनलाल और शिव राजकुमार इस सीक्वल में भी दिखाई देंगे। इसके साथ ही विजय सेतुपति भी फिल्म का हिस्सा हैं। साल 2023 में रिलीज हुई जेलर तमिल सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में शामिल रही, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए रिकॉर्ड बनाए थे। उधर फिल्म में रजनीकांत ने भी अपने अंदाज से खूब वाहवाही लूटी थी। अब कलानिधि मारन के सन पिक्चर्स बैनर तले बनी इसका सीक्वल जेलर 2 भी तहलका मचाने के लिए तैयार है। यह धमाकेदार मल्टीस्टारर फिल्म 15 अक्टूबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है।

नाशपाती बनाम केला : जानिए इनमें से किसका सेवन है अधिक लाभदायक

केला और नाशपाती दोनों ही लोकप्रिय फल हैं, जो स्वादिष्ट होने के साथ–साथ पौष्टिक भी होते हैं। हालांकि, कई लोग इन्हें लेकर उलझन में रहते हैं कि इनमें से किसका सेवन अधिक फायदेमंद है। केला और नाशपाती के पोषक तत्वों और स्वास्थ्य लाभों की तुलना करके हम इस सवाल का जवाब ढूंढ सकते हैं। आइए जानते हैं कि इनमें से किसका सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहतर है।

केले का सेवन स्वास्थ्य के लिए है लाभदायक

केला पोटेशियम, विटामिन–सी, विटामिन–बी6 और फाइबर का अच्छा स्रोत है। यह ऊर्जा देने वाला फल है और जल्दी पच जाता है। केले में ऐसे गुण होते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से लड़ने में मदद करते हैं। यह दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद है और पाचन तंत्र को सुधारता है।

इसके अलावा केले का सेवन मूड को बेहतर करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और वजन नियंत्रित करने में

भी मदद कर सकता है।

नाशपाती के सेवन से मिल सकते हैं कई स्वास्थ्य लाभ

नाशपाती विटामिन–सी, विटामिन–के, फाइबर और ऐसे तत्वों से भरपूर होता है, जो शरीर को नुकसान से बचाते हैं। यह पाचन को सुधारने और कब्ज से राहत दिलाने में मदद कर सकता है।

नाशपाती में पानी की मात्रा ज्यादा होती है, जो शरीर को तरोताजा रखती है और त्वचा को स्वस्थ बनाए रखती है।

इसके अलावा यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने, वजन नियंत्रित करने और दिल की बीमारियों से बचाए रखने में भी सहायक हो सकता है।

केला और नाशपाती में से किसका चयन करना चाहिए?

दोनों फल पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, लेकिन केले में पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है, जो दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है।

दूसरी ओर, नाशपाती में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जो पाचन के लिए लाभकारी है। अगर आपको ऊर्जा की जरूरत हो तो केला चुनें और अगर आपको पाचन संबंधी समस्याएं हैं तो नाशपाती बेहतर विकल्प हो सकता है। यह आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

केला और नाशपाती का सेवन करने का सही तरीका

केले को कच्चा खाया जा सकता है या फिर इसे पेय पदार्थों और मिठाई में इस्तेमाल किया जा सकता है। वहीं नाशपाती को कच्चा खाने के अलावा इसका रस या फिर सलाद में भी शामिल किया जा सकता है। दोनों फल बिना किसी प्रोसेसिंग के अपने प्राकृतिक रूप में सबसे ज्यादा फायदेमंद होते हैं। इसलिए इन्हें अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। यह आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है।

विनोद कापड़ी की फिल्म पायर का ट्रेलर जारी, बुजुर्ग दंपति के प्रेम और अकेलेपन की कहानी, 30 अक्टूबर को होगी रिलीज

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता निर्देशक विनोद कापड़ी की आगामी फिल्म श्पायरश्च का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। हिमालय की खूबसूरत वादियों में बसे एक दूरस्थ गांव की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म बुजुर्ग दंपति के प्रेम, अकेलेपन और जीवन के अंतिम पड़ाव में आने वाली चुनौतियों को दर्शाती है। फिल्म में नवोदित कलाकार पदम सिंह कापड़ी और हीरा देवी ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। यह पारिवारिक नाटक 30 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगा। फिल्म का निर्माण भागीरथी फिल्म्स और मशकबीन स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है। इसके गीत प्रसिद्ध गीतकार गुलजार ने लिखे हैं, जबकि वितरण की जिम्मेदारी सिनेपोलिस को सौंपी गई है। पायर का ट्रेलर उत्तराखंड के एक दूरस्थ गांव में रहने वाले बुजुर्ग दंपति बूबू और तुलसी की जिंदगी की झलक दिखाता है। उनके बच्चे शहरों में जा चुके हैं, जिसके बाद दोनों को गांव में अकेलेपन और बुढ़ापे की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। फिल्म में उनके रोजमर्रा के जीवन, भावनात्मक जरूरतों और एक–दूसरे के प्रति गहरे लगाव को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है। कहानी यह दिखाने की कोशिश करती है कि जीवन के अंतिम पड़ाव में साथ, अपनापन और प्रेम किस तरह किसी व्यक्ति का सहारा बन सकते हैं। फिल्म की कहानी केवल दो बुजुर्गों के अकेलेपन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बदलते सामाजिक परिवेश और गांवों से शहरों की ओर पलायन के प्रभावों को भी सामने लाती है। बच्चों के दूर चले जाने के बाद बुजुर्ग माता–पिता के जीवन में पैदा होने वाला खालीपन इसकी कहानी का प्रमुख पक्ष है। हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता और उत्तराखंड के ग्रामीण परिवेश के बीच बुनी गई यह कहानी पारिवारिक रिश्तों और मानवीय संवेदनाओं को केंद्र में रखती है। पदम सिंह कापड़ी और हीरा देवी के अभिनय के माध्यम से बूबू और तुलसी के किरदारों को पर्दे पर जीवंत करने का प्रयास किया गया है। श्पायरश्च को दुनियाभर के फिल्म समारोहों में सराहना मिल चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म अब तक 18 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। इसके बाद अब इसे भारतीय सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने की तैयारी है। 30 अक्टूबर 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म से दर्शकों को एक ऐसी कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें प्रेम और अपनेपन के साथ बुढ़ापे की चुनौतियों को भी प्रमुखता दी गई है। फिल्म का ट्रेलर जारी होने के बाद अब दर्शकों की निगाहें इसके सिनेमाघर प्रदर्शन पर टिकी हैं।

टेरेंस लुईस दिखाएंगे अभिनय का हुनर, फिल्म महिषासुर से सिनेमा में रखेंगे कदम, फिल्म का पहला पोस्टर जारी

मशहूर नृत्य निर्देशक टेरेंस लुईस अब अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। उनकी पहली फिल्म श्आज का महिषासुरश्च का पहला पोस्टर सामाजिक माध्यमों पर जारी कर दिया गया है। सामाजिक विषयों और समकालीन रोमांच से भरपूर इस फिल्म का निर्देशन धीरज कुमार ने किया है, जबकि गौरंग भास्कर इसके निर्माता हैं। फिल्म में टेरेंस लुईस के साथ पद्मिनी कोल्हापुरे, चंदन रॉय, आयशा ऐमान और अभिमन्यु सिंह जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। चंदन रॉय को लोकप्रिय ध ाराबाहिक श्पंचायतश्च में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है। फिल्म के माध्यम से टेरेंस बड़े पर्दे पर अपनी नई भूमिका में दर्शकों के सामने आएंगे। अपनी पहली फिल्म को लेकर उत्साहित टेरेंस लुईस सबसे पहले मुंबई के प्रसिद्ध मुंबा देवी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने फिल्म का पोस्टर मां के चरणों में अर्पित कर आशीर्वाद लिया। बड़े पर्दे पर अभिनय की शुरुआत करने जा रहे टेरेंस के लिए यह अवसर खास रहा। टेरेंस ने फिल्म की विषयवस्तु के बारे में बताया कि श्आज का महिषासुरश्च महिषासुर की पारंपरिक अवधारणा से आगे बढ़कर उन बुराइयों को उजागर करने का प्रयास करती है, जो हमारे आसपास और हमारे भीतर मौजूद हैं, लेकिन अक्सर उन पर ध्यान नहीं दिया जाता। सामाजिक विषयों और समकालीन रोमांच को जोड़ती यह फिल्म किन परिस्थितियों और मुद्दों को सामने लाएगी, इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता है। हालांकि, फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है। अब दर्शकों को इसके प्रदर्शन और कहानी से जुड़ी अन्य जानकारियों का इंतजार है।

नयी नवेली पर यामी गौतम बोलीं– यह फिल्म मेरा चुलबुला अंदाज दिखाएगी

यामी गौतम अपनी आने वाली फिल्म नयी नवेली से दर्शकों को कुछ नया दिखाने वाली हैं। यह एक हॉरर–कॉमेडी फिल्म है, जिसमें यामी मोहिनी नाम की एक चुलबुली और शरारती दुल्हन का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने पहले ऐसा किरदार कभी नहीं निभाया है। बालाजी मोहन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। यह फिल्म यामी को अपना एक सहज और बिंदास अंदाज दिखाने का मौका देगी। जी वी प्रकाश कुमार ने इसका दमदार म्यूजिक तैयार किया है और विजय गांगुली ने अपनी मजेदार कोरियोग्राफी से गानों में चार चांद लगाए हैं। यह फिल्म मेरठ की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसमें मोहिनी एक ऐसी लड़की है, जो ऊपर से तो एक आदर्श दुल्हन दिखती है, लेकिन अपने अंदर एक अलौकिक रहस्य छिपाए हुए है। यह रहस्य भारतीय पौराणिक कथाओं से प्रेरित है। फिल्म को हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखा है। इसका निर्माण आनंद एल राय और शर्मा ने कलर येलो के बैनर तले किया है। कलर येलो प्रोडक्शन हाउस पहली बार अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के साथ मिलकर काम कर रहा है। नयी नवेली में दर्शकों को कुछ ऐसे मोड़ देखने को मिलेंगे, जिनकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। यामी हाल ही में फिल्म धुरंधररू द रिवेंज में एक छोटे भूमिका में दिखाई दी थीं। इसके अलावा, पिछले कुछ सालों में उन्होंने हक और आर्टिकल 370 जैसी फिल्मों में भी मुख्य भूमिका निभाई हैं।

स्टील के बर्तनों से जिद्दी दाग हटाने के लिए अपनाएं ये तरीके

स्टील के बर्तन रसोई के लिए एक बेहतरीन विकल्प होते हैं क्योंकि इन्हें साफ करना आसान होता है और ये लंबे समय तक चलते हैं। हालांकि, इन पर जिद्दी दाग लगना आम बात है और इन्हें हटाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इस लेख में हम कुछ आसान और असरदार घरेलू नुस्खों के बारे में जानेंगे, जिनसे आप अपने स्टील के बर्तनों को नए जैसा चमका सकते हैं।

बेकिंग सोडा एक ऐसा सामग्री है, जो कई घरेलू कामों में इस्तेमाल होता है। आप इसे स्टील के बर्तनों पर लगे दागों को हटाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक पेस्ट तैयार करें, जिसमें बेकिंग सोडा और पानी मिलाकर गाढ़ा बनाया जाए। इस पेस्ट को दाग वाली जगह पर लगाकर कुछ मिनट छोड़ दें, फिर नरम स्पंज से रगड़कर पानी से धो लें। इससे दाग आसानी से हट जाएगा।

सिरका और नमक का मिश्रण भी स्टील के बर्तनों की सफाई के लिए बहुत उपयोगी

हो सकता है। इसके लिए एक कप सिरके में 2 चम्मच नमक मिलाएं और इसे दाग वाली जगह पर डालकर कुछ मिनट छोड़ दें। इसके बाद नरम स्पंज या ब्रश से रगड़ें। इससे दाग आसानी से हट जाएगा और आपका बर्तन नया जैसा दिखेगा। यह तरीका खासकर उन जगहों पर प्रभावी होता है, जहां दाग बहुत गहरा हो गया हो।

नींबू का रस लगाएं

नींबू का रस प्राकृतिक तौर पर खट्टा होता है, जो दागों को ढीला कर देता है। इसके लिए एक नींबू काटकर उसका रस दाग वाली जगह पर निचोड़ें और कुछ देर के लिए छोड़ दें, फिर गीले कपड़े या स्पंज से साफ करें। इससे आपका स्टील का बर्तन चमक उठेगा और सभी जिद्दी दाग आसानी से हट जाएंगे। यह तरीका न केवल असरदार है, बल्कि आपके बर्तनों को नया जैसा भी दिखाता है।

गर्म पानी का उपयोग करें

गर्म पानी का उपयोग करके भी आप अपने स्टील के बर्तनों को साफ कर सकते हैं।

इसके लिए गर्म पानी भरें और उसमें थोड़ा सा डिटर्जेंट पाउडर मिलाएं, फिर इसमें दाग वाले बर्तन डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद नरम स्पंज से रगड़ें। इससे सभी गंदगी और चिकनाई आसानी से निकल जाएगी। इस तरीके से आपके बर्तन जल्दी साफ हो जाएंगे और वे नए जैसे दिखेंगे।

ऐसीटोन का इस्तेमाल करें

अगर ऊपर बताए गए तरीके काम न करें तो ऐसीटोन का इस्तेमाल किया जा सकता है।

अभिषेक नायर ने शाई होप की मैथ्यू हेडन से की तुलना

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने टीम इंडिया के खिलाफ शाई होप के शानदार प्रदर्शन की तुलना 2000 के दशक में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मैथ्यू हेडन के प्रभाव से की है। उन्होंने होप की तारीफ करते हुए कहा कि वे मौजूदा दौरे पर वेस्टइंडीज की ओर से तीनों फॉर्मेट में बेहतरीन खेल दिखा रहे हैं, जिसमें उन्होंने कंट्रोल, पावर और परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढालने की शानदार क्षमता दिखाई है। तेज गति और बेहतरीन स्पिन का सामना करने के बावजूद, होप ने भारत के खिलाफ खूब रन बनाए हैं। उनकी खासियत यह है कि वह सिर्फ पावर–हिटिंग या सिर्फ टच–प्ले पर निर्भर नहीं रहते, बल्कि जरूरत के हिसाब से अपना खेल बदल लेते हैं, जिससे उन्हें रोकना किसी भी गेंदबाज के लिए मुश्किल हो जाता है। नायर ने जियोस्टार से बात करते हुए

कहा, मुझे याद है कि आखिरी बार 2000 के दशक में जब ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत आई थी, तब मैथ्यू हेडन हमारे गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते थे। शाई होप भी बिल्कुल वैसा ही कर रहे हैं। उनकी बल्लेबाजी कमाल की रही है, न सिर्फ इसलिए कि उन्होंने बहुत रन बनाए हैं, बल्कि इस वजह से भी कि उन्होंने यह रन किस तरह से बनाए हैं। आप उन्हें सिर्फ एक श्पावर प्लेयरश् या सिर्फ श्टच प्लेयरश् नहीं कह सकते। उन्होंने एक बेहतरीन संतुलन बना लिया है। वह गेंदबाजों की गति का इस्तेमाल भी कर सकते हैं और जरूरत पड़ने पर पूरी ताकत लगाकर बड़े छक्के भी जड़ सकते हैं। नायर ने बताया कि होप को किसी भी तरह की गेंदबाजी से कोई परेशानी नहीं हुई है। उन्होंने मयंक यादव की तेज गति का बखूबी सामना किया, और साथ ही कुलदीप यादव व अक्षर पटेल की गेंदों में किए गए बदलावों को भी अच्छे से समझा है। इस तरह उन्होंने भारत को लगातार दबाव बनाने का कोई मौका नहीं दिया है। अभिषेक नायर ने आगे कहा, शाई होप ने तेज गेंदबाजों का भी शानदार सामना किया। मयंक यादव 145 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे थे, लेकिन होप ने उन्हें आसानी से खेला है। उन्होंने कुलदीप यादव और अक्षर पटेल जैसे स्पिनरों के खिलाफ भी बेहतरीन बल्लेबाजी की। इस दौरे पर उन्होंने हर फॉर्मेट में भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया है। 200 के स्ट्राइक रेट से शतक लगाना उनकी क्षमता को दिखाता है।

कारोबार 7 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचने का अनुमान : कैट

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारत में 2026 के त्योहारी सीजन (नवरात्रि से लेकर दीपावली तक) में कारोबार 7 लाख करोड़ रुपए से अधिक पहुंचने का अनुमान है, यह पिछले साल के आंकड़े से 15–18 प्रतिशत है। यह जानकारी कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से दी गई। कैट के नेशनल सेक्रेटरी जनरल और चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह अनुमान अलग–अलग राज्यों के व्यापार संघों और बाजारों से मिली जानकारी, ग्राहकों की मांग, त्योहारों के दौरान खरीदारी के ट्रेंड और ग्रामीण व अर्ध–शहरी इलाकों में बढ़ी हुई कमर्शियल गतिविधियों पर आधारित था। उन्होंने कहा कि पिछले साल त्योहारों के दौरान कुल कारोबार लगभग 6.05 लाख करोड़ रुपए का था।

मुकेश अंबानी के नेतृत्व में रिफाइनिंग के साथ हरित ऊर्जा पर जोर

जामनगर, एजेंसी। गुजरात का जामनगर तेल शोधन के साथ अब नई ऊर्जा के क्षेत्र में भी रिलायंस की विस्तार योजनाओं का प्रमुख केंद्र बन रहा है। दुनिया के सबसे बड़े एक ही स्थान पर स्थित रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स के लिए पहचान रखने वाले जामनगर में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स के जरिए सौर ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े कारोबार को आगे बढ़ाया जा रहा है। धीरूभाई अंबानी द्वारा स्थापित औद्योगिक आधार को मुकेश अंबानी ने पेट्रोलियम, रिटेल, दूरसंचार और डिजिटल सेवाओं तक विस्तार दिया। वर्ष 2002 में धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद समूह की विरासत को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बड़े पैमाने पर निवेश और भविष्य की मांग के अनुरूप कारोबार विकसित करने की नीति अपनाई।

साउथ अफ्रीका ने किया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 सदस्यीय टीम का ऐलान

गकेबेहा, एजेंसी। साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए 17 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की है। पहले टेस्ट के मुकाबले इसमें केवल एक बदलाव किया गया है। ट्रिस्टन स्टब्स की जगह मैथ्यू ब्रीट्जके को टीम में शामिल किया गया है, जबकि विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी रयान रिकेलटन संभालेंगे। पहले टेस्ट में स्टब्स का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वह पहली पारी में सिर्फ 32 और दूसरी इनिंग में 1 रन ही बना पाए थे। वहीं, ब्रीट्जके ने अब तक साउथ अफ्रीका के लिए केवल दो टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में बांग्लादेश और जुलाई 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट खेला, जिनमें वह कुल 14 रन ही बना सके हैं। हालांकि, सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनकी फॉर्म शानदार रही है। हाल ही में उन्होंने डरबन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में बेहतरीन शतक लगाया था। हिस्सा रहे हैं। उनकी शानदार वनडे फॉर्म ने उन्हें दूसरों से आगे रखा। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह

साउथ अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि ब्रीट्जके की हालिया फॉर्म और उनका स्वभाव उनके पक्ष में रहा है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किए गए वीडियो में कॉनराड ने कहा, ब्रीट्जके पहले भी टीम का है कि ब्रीट्जके का रवैया और उनका चरित्र बहुत अच्छा है। चूंकि अब रयान रिकेल्टन विकेटकीपिंग करेंगे, इसलिए यह तय करना होगा कि क्या वह बल्लेबाजी क्रम में नीचे आएंगे या फिर पहले की तरह पारी की शुरुआत (ओपनिंग) करना जारी रखेंगे।

विश्वजीत मोरे ने जीता ऐतिहासिक सिल्वर मेडल

लास वेगास भारतीय पहलवान विश्वजीत रामचंद्र मोरे ने गुरुवार को अंडर–23 वर्ल्ड चौंपियनशिप में ग्रीको–रोमन कैटेगरी में भारत के लिए पहला सिल्वर मेडल जीता। अंडर–23 वर्ल्ड लेवल पर दो बार ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके मोरे पुरुषों के 55 किलोग्राम ग्रीको–रोमन फाइनल के आखिरी पलों में जॉर्जिया के कोबा कारुमिदजे से 12–13 से हार गए। मोरे अंडर–23 वर्ल्ड चौंपियनशिप में दो मेडल जीतने वाले भारत के एकमात्र ग्रीको–रोमन पहलवान हैं। वह मंगलवार को अंडर–23 वर्ल्ड चौंपियनशिप में फाइनल तक पहुंचने वाले भारत के पहले ग्रीको–रोमन पहलवान भी बने थे। उन्होंने तीन कड़े मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मेक्सिको के इसाक मारिन माटा को 10–8 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की, जिससे क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला ईरान के अंडर–20 वर्ल्ड चौंपियन आर्मिन

शमसीपौर से हुआ। शमसीपौर के कंधे में चोट लग गई थी, और मोरे ने एक श्फोर–पॉइंटर थ्रोश (चार अंक दिलाने वाला दांव) का इस्तेमाल करते हुए उन्हें 8–1 से हरा दिया। रूस के मलिक गिगिएव के खिलाफ सेमीफाइनल भी काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों पहलवानों को श्चैलेंजश् रेफरी के फैसले को चुनौती देने का मौका) का फायदा मिला। अंत में मोरे ने 6–4 से जीत दर्ज की। मोरे फाइनल में इस लक्ष्य के साथ उतरे थे कि वह अंडर–23 वर्ल्ड चौंपियनशिप की ग्रीको–रोमन स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बनेंगे। हालांकि, वह फाइनल में जॉर्जिया के पहलवान से हार गए और उनका गोल्ड जीतने का सपना पूरा नहीं हो सका। जॉर्जियाई पहलवान ने भी फाइनल में जगह बनाने के लिए सेमीफाइनल में किर्गिस्तान के बार्सबेक असनकोडोएव को कड़े मुकाबले में हराया था। हालांकि, इससे पहले भारत के अभियान को एक प्रशासनिक बाधा का सामना करना पड़ा था।

तिलक के विकेट ने पलटा मैच का रुख : संजू सैमसन

हैदराबाद, एजेंसी। भारत के विकेटकीपर–बल्लेबाज संजू सैमसन ने माना कि जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज की जगह कोई नहीं ले सकता। वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारतीय गेंदबाज संघर्ष करते नजर आए हैं। एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज में बुमराह को आराम दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) उनके वर्कलोड को मैनेज करना चाहता है, क्योंकि वह टीम के सबसे अहम तेज गेंदबाज हैं। बुमराह की गैरमौजूदगी में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही सीरीज में भारत की गेंदबाजी की कड़ी परीक्षा हो रही है, खासकर सपाट पिचों पर। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में सैमसन ने स्वीकार किया कि बुमराह जैसे खिलाड़ी का कोई विकल्प नहीं है, लेकिन भारत के पास अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी मौजूद हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल

स्टेडियम में चौथे टी20 में 24 रन से मिली हार के बाद सैमसन ने कहा, जसप्रीत बुमराह का कोई विकल्प नहीं है। वह अपनी पीढ़ी के सबसे बेहतरीन गेंदबाजों में से एक हैं, और हम बहुत भाग्यशाली हैं कि वह हमारी टीम में हैं। हालांकि, हमारे पास कुछ बहुत अच्छे नए टैलेंट भी आ रहे हैं। अर्शदीप (सिंह) बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, और पिछले कुछ मैचों में प्रिंस यादव ने जिस तरह से गेंदबाजी की है, वह भी काफी प्रभावशाली है। मुझे लगता है कि हमारे पास वाकई अच्छे टैलेंट हैं। हम उन्हें जितना ज्यादा मौका देंगे और जितना ज्यादा सपोर्ट करेंगे, वह उतने ही बेहतर होते जाएंगे। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते समय अर्शदीप के बाएं हाथ में चोट लग गई। इस पर बात करते हुए सैमसन ने उम्मीद जताई कि शनिवार को होने वाले पांचवें टी20 इंटरनेशनल मैच तक वह पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। सैमसन ने कहा, श्अर्शदीप अपने कंधे पर बर्फ से सिकाई कर रहे हैं। उम्मीद है कि वे जल्द ही ठीक हो जाएंगे। सैमसन ने वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप की शानदार पारियों की तारीफ की। होप ने भारत के खिलाफ चार टी20 इंटरनेशनल मैचों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है। इससे पहले हुई वनडे सीरीज में भी उन्होंने दो शतक जड़े थे। सैमसन ने कहा, वह (होप) बहुत अच्छा खेल रहे हैं। उन्होंने जो प्रदर्शन किया है, हमें उसका सम्मान करना चाहिए।

नेस्ले इंडिया का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 36.3 प्रतिशत बढ़कर 1,026.77 करोड़ रुपए

नयी दिल्ली, एजेंसी। दैनिक उपभोग का घरेलू सामान बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का वित्त वर्ष 2026–27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 36.32 प्रतिशत बढ़कर 1,026.77 करोड़ रुपए हो गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2025–26 की दूसरी (जुलाई–सितंबर) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 743.17 करोड़ रुपए था। नेस्ले इंडिया ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उत्पादों की बिक्री से होने वाली आय जुलाई–सितंबर तिमाही में 20.45 प्रतिशत बढ़कर 6,782.17 करोड़ रुपए हो गई। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 5,630.23 करोड़ रुपए थी। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा, इस तिमाही में सभी उत्पाद समूहों में मजबूत एवं व्यापक वृद्धि जारी रही। कुल बिक्री 20.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,782.2 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इसमें बिक्री की मात्रा में दोहरे अंक की मजबूत वृद्धि का योगदान रहा। उन्होंने कहा कि कंपनी ने अपने ब्रांड पर निवेश में उल्लेखनीय बढ़ोतरी के साथ परिचालन दक्षता बढ़ाने पर भी ध्यान दिया। विज्ञापन और विपणन पर खर्च 46 प्रतिशत बढ़ा। उन्होंने कहा, कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) का मार्जिन 23.8 प्रतिशत के स्तर पर रहा। समीक्षाधीन तिमाही में नेस्ले इंडिया का कुल खर्च 17 प्रतिशत बढ़कर 5,405.55 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2026–27 की दूसरी तिमाही में कंपनी की घरेलू बिक्री 20.4 प्रतिशत बढ़कर 6,514.74 करोड़ रुपए हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 5,411.02 करोड़ रुपए थी।

अर्थशास्त्र में नोबेल प्राइज, मंदी–महंगाई से निपटने वाले मॉडल विकसित करने के लिए सम्मान

स्टॉकहोम, एजेंसी। अर्थव्यवस्था में मंदी और महंगाई जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए बेहतर नीतियां बनाने में योगदान देने वाले अमेरिकी अर्थशास्त्री रॉबर्ट ई हॉल और माइकल वुडफोर्ड को अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने का फैसला किया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को स्टॉकहोम में इस पुरस्कार की घोषणा की। दोनों अर्थशास्त्रियों को मैक्रोइकोनॉमिक स्टेबिलाइजेशन यानी व्यापक आर्थिक स्थिरता की सूक्ष्म आर्थिक नींव विकसित करने के लिए चुना गया है। आधिकारिक तौर पर इस पुरस्कार का नाम अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में आर्थिक विज्ञान में स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार है। पुरस्कार की कुल राशि 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर है, जिसे दोनों विजेताओं के बीच बराबर बांटा जाएगा। भारतीय मुद्रा में



इसकी कुल कीमत लगभग 11.5 करोड़ रुपये बताई गई है। रॉबर्ट हॉल और माइकल वुडफोर्ड के शोध का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि आम लोगों और कंपनियों के छोटे–छोटे आर्थिक फैसले मिलकर पूरी अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित करते हैं। पहले कई आर्थिक मॉडल महंगाई, उत्पादन और खपत जैसे व्यापक आर्थिक आंकड़ों के बीच सांख्यिकीय संबंधों पर अधिक निर्भर थे। दोनों अर्थशास्त्रियों ने इन मॉडलों को परिवारों और कारोबारों के व्यवहार की ठोस सैद्धांतिक नींव पर विकसित करने में योगदान दिया। इस दृष्टिकोण में यह समझने की कोशिश की जाती है कि परिवार अपनी आय और भविष्य की उम्मीदों के आधार पर कितना खर्च या बचत करते हैं। इसी तरह, कंपनियां उत्पादन, निवेश और वस्तुओं की कीमतों के बारे में फैसले कैसे लेती हैं। इन निर्णयों का संयुक्त प्रभाव आर्थिक विकास, रोजगार और महंगाई पर पड़ता है। जब लोगों को भविष्य में आमदनी घटने या नौकरी जाने का डर होता है, तो वे अपने खर्च में कटौती कर सकते हैं। इससे बाजार में वस्तुओं और सेवाओं की मांग कम होती है। मांग घटने पर कंपनियां उत्पादन कम कर सकती हैं, नई भर्तियां रोक सकती हैं और कर्मचारियों की संख्या में भी कटौती कर सकती हैं। इस तरह मंदी का असर रोजगार पर दिखाई देने लगता है। अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स ने भी मांग में कमी और आर्थिक मंदी के संबंध को समझाया था। उनके विचारों के अनुसार, कुछ परिस्थितियों में सरकार खर्च बढ़ाकर मांग को सहारा दे सकती है। रॉबर्ट हॉल के शोध ने यह समझने में योगदान दिया कि परिवार अपनी वर्तमान आय के साथ भविष्य की आय की उम्मीदों को ध्यान में रखकर खर्च तय करते हैं। जब बहुत से परिवार एक साथ खर्च कम करते हैं, तो उसका व्यापक आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है। महंगाई को नियंत्रित करना भी सरकारों और केंद्रीय बैंकों के लिए बड़ी चुनौती है। कीमतें केवल मांग बढ़ने से नहीं बदलतीं, बल्कि कंपनियों की लागत, फैसलों और भविष्य की उम्मीदों से भी प्रभावित होती हैं।

गौतम के जन्मदिन पर युवराज, रैना, राजीव शुक्ला और रोहन जेटली ने दी बधाई

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर बुधवार को 45 साल के हो गए। गंभीर को भारतीय टीम के पूर्व साथी युवराज सिंह और सुरेश रैना, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और दिल्ली और डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने जन्मदिन की बधाई दी है। युवराज ने इंस्टाग्राम पर गंभीर को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, ष्जीजी, तुम्हें पता है कि मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूं और चाहता हूं कि तुम और मजबूत होते जाओ। जन्मदिन मुबारक हो, भाई। हमेशा ऊपर उठते रहो, और हमें गर्व महसूस कराते रहो। ढेर सारा प्यार।

भारत के फ्लेक्सिबल ऑफिस बाजार का आकार 2030 में 160 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंचने की उम्मीद

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारत ने दुनिया के सबसे परिपक्व फ्लेक्सिबल ऑफिस बाजार के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी है और 2026 में इसका आकार 100 मिलियन वर्ग फुट (एमएसएफ) का आंकड़ा पार करने और 2030 तक बढ़कर लगभग 160 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंचने की उम्मीद है। यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के अनुसार, 2026 की पहली छमाही में देश में फ्लेक्सिबल ऑफिस स्पेस का कुल स्टॉक बढ़कर 88.7 मिलियन वर्ग फुट हो गया, जो देश के कुल ऑफिस स्पेस का 10.5 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया कि कंपनी के फ्लेक्सिबल ऑफिस मार्केट मैच्योरिटी इंडेक्स में भारत ने 100 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। साथ ही, फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस अब केवल एक अतिरिक्त सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि कंपनियों के

रियल एस्टेट पोर्टफोलियो का एक रणनीतिक हिस्सा बनता जा रहा है। रिपोर्ट में अपफ्लेक्स के विश्लेषण के हवाले से बताया गया, वैश्विक बुकिंग में भारत की हिस्सेदारी 2025 की पहली छमाही के 2.2 प्रतिशत से तेजी से बढ़कर 2026 की पहली छमाही में 10.2 प्रतिशत हो गई। इसके साथ ही भारत अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे सक्रिय बाजार बन गया है। भारत में ऑफिस स्पेस इस्तेमाल करने वाली कंपनियों की मांग, आपूर्ति में वृद्धि और ऑपरेटरों की गतिविधियों में लगातार मजबूत तेजी देखने को मिल रही है। इस विस्तार को कंपनियों की निरंतर मांग से समर्थन मिल रहा है। हालांकि, फ्लेक्सिबल ऑफिस ऑपरेटरों ने 2026 की पहली छमाही में भारत के आठ प्रमुख शहरों में 8.5 मिलियन वर्ग फुट जगह लीज पर दी, जो पहली छमाही के लिहाज से अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। अब भारत में कुल ऑफिस लीजिंग में फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा, रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेटरों ने 2023 से 2025 के बीच 44.1 मिलियन वर्ग फुट जगह लीज पर दी, जिसमें 7.2 लाख से अधिक फ्लेक्स सीटें शामिल थीं। वहीं, मैनेज्ड ऑफिस स्पेस की मांग औसतन 350 से 500 सीटों के बीच रही।

मैच का नतीजा बहुत अलग हो सकता था

मैड्रिड, एजेंसी। मैनचेस्टर यूनाइटेड के हेड कोच माइकल कैरिक ने कहा कि उनकी टीम एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ बेहतर नतीजा हासिल कर सकती थी। उनका मानना है कि टीम को मैच जीतने के मौके मिले, लेकिन खिलाड़ी उनका फायदा नहीं उठा सके। इसी वजह से यूईएफए चौंपियंस लीग के ग्रुप स्टेज में यूनाइटेड को 2–0 से हार का सामना करना पड़ा। मैच की शुरुआत मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए बेहद खराब रही। पहले ही मिनट में एटलेटिको मैड्रिड ने बढ़त बना ली। गिउलिआनो सिमोन ने लंबे पास को नियंत्रित किया और गेंद पाब्लो बैरियेस को दी, जिन्होंने आसान शॉट लगाकर टीम को 1–0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, इस शुरुआती गोल के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड ने वापसी की कोशिश की और कई अच्छे मौके बनाए।

आईटी शेयरों के दम पर सपाट खुला बाजार, सेंसेक्स 16 अंक चढ़ा, निफ्टी में मामूली गिरावट

मुंबई, एजेंसी। पिछले कारोबारी सत्र में 1.5 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी के बाद वैश्विक बाजारों के मिले–जुले संकेतों के बीच बुधवार को भारतीय शेयर बाजार सपाट खुला। निवेशक एक ओर घरेलू सकारात्मक संकेतों का आकलन कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर वैश्विक चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। बीएसई सेंसेक्स 73,049.76 पर खुला, जबकि पिछले दिन यह 73,033.78 पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी 50 22,715.75 पर खुला, जबकि पिछले दिन यह 22,721.95 पर बंद हुआ था। इस तरह, सेंसेक्स 15.98 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की बढ़त को दर्शाता है, जबकि निफ्टी 50 6.20 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट को दर्शाता है। निफ्टी50 इंडेक्स में श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस और बीएसई सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाले शेयरों में शामिल रहे। व्यापक बाजारों में, निफ्टी स्मॉल कैप 100 इंडेक्स में 0.15 प्रतिशत की गिरावट आई, तो वहीं निफ्टी मिड कैप इंडेक्स में 0.33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सेक्टरवार देखें तो, निफ्टी आईटी ने अपनी बढ़त जारी रखी और शीर्ष लाभ कमाने वाला (1 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि) सेक्टर रहा।

प्रकाशक, मुद्रक एवम् संपादक विजय दुबे द्वारा 62, पार्वती नगर, पाण्डेयपुर, वाराणसी से प्रकाशित व काशी प्रिंटर्स, मिन्ट हाउस, वाराणसी से मुद्रित। समस्त विवादों को लखनऊ की सक्षम अदालतों में निपटाया जायेगा।

फोन : 91 8787220970
91 9839666352

आर.एन.आई.रुUPHIN/2008/32231

डाक पंजीयन : जी–2/न्यूज पेपर/59/2004.

E-mail: lokhastakshep@gmail.com

संपादकः विजय दुबे

कार्यकारी संपादकः दीप्ती दुबे '

संपादकीय सलाहकार : राधाकृष्ण मिश्र

'समाचारों के चयन व संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी

लोक हस्तक्षेप

वाराणसी, 18 अक्टूबर 2026 रविवार



देश-विदेश

वोट बचाने की लड़ाई को सडक पर लाई कांग्रेस

फर्रुखनगर में भाजपा के खिलाफ गूंजा जन आक्रोश

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

गुरुग्राम । मतदाता सूची में नामों को लेकर उठ रहे सवालों को कांग्रेस ने राजनीतिक संघर्ष का केंद्र बनाते हुए फर्रुखनगर में भाजपा सरकार के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन किया। 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत बाहरली बस्ती स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित विशाल जन आक्रोश मार्च में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में कांग्रेस ने मताधिकार को संविधान से मिला बुनियादी अधिकार बताते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों से नाम हटाए जाने की प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरा। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष वर्धन यादव एवं ब्लॉक अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में नेताओं ने साफ किया कि कांग्रेस इस अभियान को गांव–गांव तक ले जाएगी। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और नागरिकों के संवैधानिक अधिकार खतरे में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग जनता के जनादेश और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करने में लगे हैं। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और सरकार की नीतियों से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के अधिकारों को दबाने के साथ संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उनके अनुसार, लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनाव कराने से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि यह भी जरूरी है कि प्रत्येक पात्र नागरिक बिना किसी बाधा के मतदान कर सके। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने प्रत्येक नागरिक को समान मताधिकार देकर लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार उन सिद्धांतों और अधिकारों को चोट पहुंचा रही है, जिनके आधार पर भारतीय लोकतंत्र खड़ा है। वोट बचाओ देश बचाओ जन आक्रोश मार्च के दौरान गुरुग्राम ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं बादशाहपुर से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वर्धन यादव ने बादशाहपुर के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह पर चुनावी अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए। एसआईआर के माध्यम से बादशाहपुर विधानसभा में लगभग 1 लाख 76 हजार वोटों का कटना एक गंभीर सवाल हैं। बादशाहपुर की जनता को जवाब चाहिए कि मतदाता सूची में इतनी बड़ी कथित गड़बडियाँ कैसे हुई किसकी जिम्मेदारी थी और इसका लाभ किसे मिला? उन्होंने कहा यदि प्रत्येक वैध मतदाता के अधिकार की रक्षा हुई होती और चुनाव निष्पक्ष हुआ होता, तो आज बादशाहपुर में कांग्रेस का विधायक होता।

नवरात्र महोत्सव पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

गुरुग्राम। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में कला और संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय संस्था सत्युग दर्शन संगीत कला केंद्र द्वारा प्रताप नगर स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उत्सव में बच्चों और महिलाओं ने बढ़–चढकर हिस्सा लिया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ–साथ महिलाओं ने भी पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रस्तुत किए गए डांडिया और ऊर्जावान नृत्यों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। पूरा मंदिर परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया और तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा। केंद्र की प्रभारी दीपा बवेजा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष आयोजन के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं और प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया था। इसमें बच्चों ने स्केच मेकिंग, पेंटिंग, नृत्य और गायन जैसी विभिन्न कलाओं में अपनी अद्भुत प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस सफल आयोजन को संपन्न कराने में संस्था से जुड़े अमन नारंग, प्रेम, रेनू, दीपा दुआ, अंजलि आदि का सहयोग रहा।

दिल्ली में लगातार प्रदर्शनों से व्यापारियों को 3,000 करोड़ रुपए का नुकसान, सप्लाई चेन भी टूटी : सीटीआई

एजेंसी,नयी दिल्ली। दिल्ली में लगातार विरोध–प्रदर्शनों से व्यापारियों को होने वाले नुकसान पर चिंता जताते हुए उद्योग संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने शनिवार को कहा कि अक्टूबर में चल रहे प्रदर्शनों के कारण दिल्ली के व्यापार को अब तक लगभग 3,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। साथ ही, रास्ते बंद होने से सप्लाई चेन भी टूट गई है। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा, 10 अक्टूबर को हुए पहले प्रदर्शन में 2000 करोड़ रुपए और 13 से 16 अक्टूबर के बीच सेंट्रल दिल्ली में हुई नाकाबंदी, मेट्रो बंदी और सेंट्रल पार्क बंद होने से अतिरिक्त 1,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उद्योग संगठन ने बताया कि इन विरोध प्रदर्शनों से नवरात्रि और दीपावली की पीक में खरीदारी ठप होने से सबसे अधिक नुकसान रिटेल क्षेत्र को हुआ है, जो कि करीब 1,800 करोड़ रुपए का रहा है। इससे सदर बाजार, चांदनी चौक, कश्मीरी गेट, चावड़ी बाजार, भागीरथ प्लेस, गांधी नगर, नया बाजार, खारी बावली, करावल नगर, करोल बाग, लाजपत राय मार्केट, कनॉट प्लेस सहित दिल्ली के 700 से ज्यादा बाजार प्रभावित हुए। वहीं, सोनीपत, पानीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद और राजस्थान से दिल्ली आने वाले 3–4 लाख थोक खरीदार के नहीं आने से थोक व्यापार को करीब 600 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

22 अक्टूबर से पहले बूथ समितियों का गठन पूर्ण करेगा भाजपा जिला संगठन : सर्वप्रिय त्यागी

लोकेश कुमार

गुरुग्राम। भाजपा जिला कार्यालय गुरुकमल में जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र प्रमुखों की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रदेश के सभी 27 संगठनात्मक जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और आगामी संगठनात्मक कार्यों को लेकर दिशा–निर्देश दिए। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, बूथ समितियों के सत्यापन एवं गठन और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने शक्ति केंद्र प्रमुखों एवं बूथ अध्यक्षों को बूथ समितियों का सत्यापन कर संगठनात्मक कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने 22 अक्टूबर से पहले सभी बूथ समितियों का गठन पूर्ण करने तथा अगले दो दिनों में सभी शक्ति केंद्रों की बैठकें संपन्न कराने को कहा। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा ने वर्चुअल संवाद के दौरान संगठनात्मक कार्यों की प्रगति एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर मार्गदर्शन दिया। पदाधिकारियों को आपसी समन्वय और सक्रिय सहभागिता के साथ निर्धारित समयसीमा में संगठनात्मक दायित्वों को पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आगामी 22 एवं 23 अक्टूबर को प्रदेश प्रभारी स्मृति जुबिन ईरानी एवं प्रदेश सह–प्रभारी डॉ. भोला सिंह के प्रस्तावित प्रवास को लेकर भी चर्चा हुई। प्रवास से संबंधित सभी संगठनात्मक तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। जिला मीडिया प्रभारी अजय दुआ ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा ने वर्चुअल माध्यम से सभी 27 संगठनात्मक जिलों के कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठनात्मक कार्यों को गति देने का आह्वान किया। गुरुग्राम जिला संगठन प्रदेश नेतृत्व के दिशा–निर्देशों के अनुरूप बूथ समितियों के गठन, शक्ति केंद्रों की बैठकों एवं आगामी प्रवास की तैयारियों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के लिए कार्य करेगा। बैठक में हरियाणा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बेगराज यादव, प्रदेश प्रवक्ता यशपाल बतरा, जिला महामंत्री अजीत यादव एवं मनीष सैदपुर सहित सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहे।